फाल्गुन शुक्ल पक्ष- 5, 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 229 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म।प्र।/4-474/2024-26

भोपाल

22 फरवरी 2026 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**

29.8 अधिकतम

14.6 न्यूनतम




# ट्रम्प की ठसक का दुनिया में धमाल... राहुल की कसक पर देश में बवाल



**प्रसंगवश**
**राजेश सिरोठिया**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ठसक ने जहां साल भर से पूरी दनिया के देशों में धमाल कर रखा है, वहीं इस मुद्दे पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कसक से भरे रवैये को लेकर भारत में बवाल के हालात हैं । ट्रंप के टैरिफ वार के बाद हर रोज बदलते पैंतरे और टैरिफ की दरों को लेकर दुनिया के साथ अमेरिका की जनता भी परेशान है। उसे महंगाई की मार झेलनी पद रही है। ट्रम्प किसी मतवाले की तरह व्यवहार कर रहे हैं। वे सुप्रीम कोर्ट के नौ जजों में से छह रिपब्लिकन पार्टी द्वारा नियुक्त होने के बावजूद केवल तीन का ही समर्थन हासिल कर सके। ऐसे में छह जजों ने उनके टैरिफ के फैसलों को सिरे से नकार दिया । इसके बाद ट्रम्प अपने देश की सर्वोच्च अदालत को ही जलील करने में पीछे नहीं रहे। ट्रम्प ने हरेक देश पर अपनी इच्छा के मुताबिक टैरिफ का बोझ से लादा, लेकिन अचानक अदालत का रूख भांपते हुए इसे पूरी दुनिया के लिए दस फीसदी कर दिया। अदालत ने आदेश दिया कि यह उनके नहीं बल्कि अमेरिकी संसद के विचार का विषय है। कानूनन धारा 122 के तहत वह 15 फीसदी टैरिफ लगा सकते हैं तो उन्होंने यह भी कर दिया। लेकिन इसे 150 दिनों के भीतर अमेरिकी संसद की मंजूरी जरूरी है। अब पूरी दुनिया पांच महीने तक अनिश्चता के भंवर में फंसी रहेगी। उन्होंने नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताते हुए यह भी कह दिया कि 15 फीसदी टैरिफ भारत पर लागू नहीं होगा। लेकिन, अपनी साख खो चुके ट्रम्प के कथनों पर भारत में किसी को कोई भरोसा नहीं। उनके तुगलकी फरमानों से मंहगाई का बोझ अमेरिकी जनता पर भी पड़ा है। अवैध करार दिए गए टैरिफ से कमाए 134 अरब डॉलर को लौटाने में उनकी कोई रूचि नहीं। उनकी दलील है कि यदि ऐसा किया तो अमेरिका की माली हालत बेहद खस्ता हो जाएगी। इसे क्या समझें- दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था गंभीर संकटों से जूझ रही है? कहीं ट्रंप ने इसी से जनता का ध्यान हटाने के लिए तो वेनेयुएला के राष्ट्रपति मादुरो को नहीं उठवाया? ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात भी तो इसीलिए नहीं नहीं हो रही। ऐसा करके यूरोपीय देशों और नाटो संगठन को कर लिया। ईरान पर हमले की बात भी उनके इसी पैंतरे का हिस्सा तो नहीं हैं, जो कई देशों में कच्चे तेल की कीमतों में आग लगा देगा। सच यही है कि ट्रम्प ने अपनी नीतियों के चलते गिनेचुने देशों को छोड़कर दुनिया के बड़े हिस्से को अपने खिलाफ खड़ा कर लिया है। उनकी साख निचले स्तर पर है। वह हर दिन कुछ ऐसी बात करते हैं जो पिछले दिन के बोल वचनों से जुदा होती है। ऐसे में ज्यादातर देशों ने उनकी बातों पर प्रतिक्रिया ही देना बंद कर दिया है। इसके बजाए सबने विदेशी कारोबार के अपने -अपने तरीके से वैकल्पिक रास्ते खोजने की मुहिम तेज कर दी है।

### राहुल की अपनी जिद... मोदी जवाब क्यों नहीं देते?

अब बात करें राहुल गांधी की। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के वे शायद पहले ऐसे नेता हैं जो चाहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना काम छोड़कर ट्रम्प के हर दिन बदलते बयानों पर अपनी प्रतिक्रिया दें। सवाल उठता है कि रोजाना आने वाले बेतुके बयानों का आखिर कब तक जवाब दिया जाए। दुनिया के किसी भी दूसरे देश के विरोधी नेता अपने देश के मुखिया से ऐसी मांग नहीं करते। फिर राहुल देशहित में भारत के साथ खड़े होने की बजाए उसके मुखिया को ही कोसने लगते हैं। सबसे बड़ी एआई समिट दौरान वैश्विक समुदाय के सामने वह कुछ युवा साथियों से प्रदर्शन कराते हैं जिनकी शर्त पर लिखा होता है नरेंद्र मोदी कम्प्रोमाइज्ड। यानि मोदी अमेरिका के सामने झुक गए हैं। वह उससे डरते हैं। दरअसल, राहुल अमेरिका से उस ट्रेड डील की बात कर रहे हैं जो अभी भी अधर में हैं। इसी को लेकर वे मोदी पर देश और उसके किसानों को बेचने के आरोप लगा रहे हैं। समझना होगा कि ट्रम्प का नाम लेकर राहुल भी कहीं ट्रम्प की तरह अपनी साख तो नहीं खो रहे? तीन-तीन बार की कोशिशों के बाद भी सत्ता पाने में नाकाम होने की कसक उनके चेहरे पर हताशा बनकर दिखने लगी है। मेरी स्पष्ट मान्यता है कि किसी भी पार्टी को यदि सत्ता में आना है तो उसे अंग्रेजी के 5- सी मॉडल अपनाने की जरूरत है। किसी भी देश में लोकतंत्र की मजबूती के लिए सशक्त विपक्ष अनिवार्य शर्त है। 5-सी मॉडल से मेरा आशय जनता से कांटेक्ट कनेक्ट, कम्युनिकेशन के साथ कन्विंस करना यानि बताएं कि उनके पास कौन से बेहतर विकल्प और प्रकल्प हैं जो ज्यादा तेजी से देश को आगे ले जा सकते हैं। इसके बाद ही आपकी मतदाताओं के बीच क्रेडिबिलटी या साख बनेगी। यही करके कोई पार्टी अपना पांचवां सी 'क्रेंडेंशियल' बना सकती है जो उसके पक्ष में जनता के वोट ले सके।

## न्यूज विंडो

### भारत और साउथ अफ्रीका के बीच आज मुकाबला



**अहमदाबाद।** टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 स्टेज का तीसरा मैच आज पिछले बार की दोनों फाइनलिस्ट भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7 बजे से शुरू होगा, टॉस 6:30 बजे होगा। भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें ग्रुप स्टेज में अपने-अपने ग्रुप में टॉप पर रही थीं और सभी 4-4 मैच जीते थे। भारत ने अमेरिका, नामीबिया, पाकिस्तान और नीदरलैंड को हराया। वहीं, साउथ अफ्रीका ने कनाडा, अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड और यूएई को हराकर ग्रुप-डी में टॉप किया था।

### नक्सलियों ने किया हमला विस्फोट में 2 जवान घायल



**सिंहभूम।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। सारंडा के घने जंगलों में नक्सलियों द्वारा बिछाए गए विस्फोट की चपेट में आने से सीआरपीएफ की 209 कोबरा बटालियन के दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों में से एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### रायपुर के भांठागांव में नीट अभ्यर्थी ने की खुदकुशी

**रायपुर।** भांठागांव स्थित अवधपुरी कॉलोनी में एक नीट अभ्यर्थी ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। छात्र का शव दो मंजिला मकान से गले में लोहे का तार बांधकर लटका हुआ मिला। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रायगढ़ जिले के निवासी पुष्पेंद्र पटेल के रूप में हुई है। वह भांठागांव में किराए के मकान में रहकर मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रहा था।

### शरद पवार की तबीयत फिर बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक दिग्गज नेता शरद पवार को रविवार को एक बार फिर पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। पिछले कुछ दिनों से उनकी सेहत में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। उनकी बेटी और बारामती की सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस खबर की पुष्टि की है।

## इस्लामाबाद का दावा... तहरीक-ए-तालिबान के ठिकानों को बनाया निशाना

# पाक का रमजान में अफगानिस्तान पर हमला मदरसे सहित 7 ठिकानों पर दागीं मिसाइल

### हमले के वक्त सो रहे थे लोग, 19 की मौत... सब एक ही परिवार के

**इस्लामाबाद/काबुल, एजेंसी**

पाकिस्तान ने एक बार फिर अफगानिस्तान के भीतर घुसकर सैन्य कार्रवाई की है। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा कि सीमा पार सात आतंकी कैंप और ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस्लामाबाद का कहना है कि ये ठिकाने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी TTP और इस्लामिक स्टेट-खोरासान (ISKP) से जुड़े लोगों के थे। बयान में कहा गया कि हाल के आत्मघाती हमलों, जिनमें इस्लामाबाद की इमाम बारगाह, बाजौर और बन्नू में धमाके शामिल हैं, के बाद यह जवाबी कार्रवाई की गई। रमजान के महीने में हुए ताजा हमले को भी इसका कारण बताया गया।

पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसके पास पक्के सबूत हैं कि ये हमले अफगानिस्तान में बैठे नेतृत्व और संचालकों के इशारे पर कराए गए। तालिबान ने कहा है कि अब वह सही समय पर जवाब देगा। अफगानिस्तानी मीडिया टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23 लोग मलबे के नीचे दब गए। इनमे से सिर्फ चार लोगों को निकाला जा सका है। हमले के समय परिवार सो रहा था, इसलिए उन्हें भागने का मौका ही नहीं मिला। अमेरिकी मानवाधिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन के मुताबिक इसमें 19 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि, आंकड़ों की आधिकारिक जानकारी अभी



सामने नहीं आई है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सही समय पर पाकिस्तान को जवाब देने की चेतावनी दी है। मंत्रालय ने इन हमलों को अफगानिस्तान की गोपनीयता नीति का उल्लंघन बताया। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई। पाकिस्तान ने कहा है कि उन्होंने आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन अफगान स्रोतों के अनुसार नागरिकों को नुकसान हुआ।

#### अंतरराष्ट्रीय समुदाय दबाव डाले- पाक

पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह 2020 में दोहा में अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत तालिबान पर दबाव डाले, ताकि अफगान जमीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के खिलाफ न हो। 2020 का दोहा समझौता जिसे अफगानिस्तान में शांति प्रयास भी कहा जाता है। यह अमेरिका और तालिबान के बीच 29 फरवरी 2020 को कतर की राजधानी दोहा में हस्ताक्षरित हुआ था। यह समझौता अफगानिस्तान में 2001 से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और अमेरिकी बलों की वापसी का रास्ता बनाने के लिए किया गया था। तालिबान ने प्रतिबद्धता जताई थी कि वह अफगानिस्तान की जमीन को अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी समूह या व्यक्ति को इस्तेमाल नहीं करने देगा।

#### पांच महीने से जारी तनाव

अक्टूबर में सीमा पर हुई झड़पों में दोनों तरफ के सैनिकों और नागरिकों की मौत के बाद से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। कतर की मध्यस्थता से 19 अक्टूबर को युद्धविराम हुआ था, लेकिन तुर्किये के इस्तांबुल में वार्ता औपचारिक समझौते तक नहीं पहुंच सकी। दरअसल, 9 अक्टूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के ठिकानों पर हवाई हमले हुए थे। तालिबान का कहना था कि ये हमले पाकिस्तान ने किए थे। हालांकि पाकिस्तान ने साफ तौर पर ये नहीं कहा कि ये हमले उसने किए, लेकिन उसने तालिबान को चेतावनी दी कि वह अपनी जमीन पर TTP को पनाह न दे।

### ट्रक ने वैन को मारी टक्कर, 5 की मौत

**अनुगुल. एजेंसी**

ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में ड्यूटी पर तैनात पांच पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तड़के उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार ट्रेलर और पुलिस की बोलेरो वाहन के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस वाहन ड्यूटी पर था और विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर से उसकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए।

### असम के पूर्व कांग्रेस चीफ भाजपा में शामिल

**नईदिल्ली. एजेंसी**



असम कांग्रेस के पूर्व चीफ भूपेन बोरा ने कई अटकलों के बीच बीजेपी का दामन थाम लिया है। असम बीजेपी चीफ दिलीप सैकिया और बीजेपी सांसद बैजयंत पांडा की उपस्थिति में उन्होंने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। असम कांग्रेस के पूर्व चीफ भूपेन बोरा ने कई अटकलों के बीच बीजेपी का दामन थाम लिया है। पिछले हफ्ते बोरा ने मुख्यमंत्री हिमंत से मुलाकात की थी, तभी से अटकलें लगाई जा रही थीं।

## भारत-अमेरिका के बीच अगले हफ्ते ट्रेड डील पर होने वाली वार्ता स्थगित

**नईदिल्ली. एजेंसी**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर मची हलचल के बीच भारत - अमेरिका ट्रेड डील को लेकर अगले सप्ताह दोनों देशों के बीच होने वाली बातचीत स्थगित कर दी गई है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को खारिज कर दिया था। यह डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक बड़ा झटका था। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने एक दूसरे कानून के तहत पहले 10 फीसदी और फिर उसे बढ़ाकर 15 फीसदी टैरिफ लगाने का आदेश जारी कर दिया। इधर, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ट्रेड डील पर सहमति बन चुकी है। इसके तहत अमेरिका द्वारा भारत के प्रोडक्ट पर 18 फीसदी टैरिफ लगाने की बात सामने आई थी। लेकिन, अमेरिकी सप्रीम कोर्ट के फैसले से अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई है। संभवतः इसी कारण अगले सप्ताह ट्रेड डील पर होने वाली वार्ता स्थगित कर दी गई है। माना जा रहा है कि भारत भी अभी वेट एंड वाच की स्थिति में रहना चाहता है। अनिश्चितताओं के बादल छंटने के बाद ही औपचारिक रूप से डील पर मुहर लग सकेगी। उल्लेखनीय है कि अगले हफ्ते एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका जाने वाला था। वहाँ अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर के साथ अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते के ड्राफ्ट को अंतिम रूप देना था।

### बड़ी आतंकी साजिश का खुलासा, एक बांग्लादेशी भी शामिल

## तमिलनाडु से पकड़े गए छह संदिग्ध आतंकी

**नईदिल्ली. एजेंसी**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी मिली है। तमिलनाडु से छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। जिन पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों के इशारे पर भारत में एक बड़ी आतंकी साजिश रचने का आरोप है। सभी आरोपियों को तमिलनाडु से दिल्ली लाया जा रहा है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है। इन संदिग्धों के पास से कुछ



आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है, जिसकी जांच की जा रही है। खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने यह बड़ी कार्रवाई की है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये संदिग्ध भारत में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। इन संदिग्धों के तार पाकिस्तान की आईएसआई से जुड़े होने की आशंका है, जो लंबे समय से भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त रही है। इसके अलावा, बांग्लादेशी आतंकी संगठनों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तार संदिग्धों के पास से कई मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

### आज का कार्टून




### राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट खेल महोत्सव का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

## सौ घंटे तक बॉल और बैट का अनोखा मुकाबला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में पहली बार देशभर के दिव्यांगजन लगातार 100 घंटे क्रिकेट खेलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अनूठे आयोजन का उद्घाटन आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नेहरू नगर भौंरी स्थित पुलिस स्टेडियम में किया। यह कार्यक्रम 26 फरवरी तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों की क्षमता को कम नहीं आंका जा सकता। इसमें 8 राज्यों के दिव्यांग शामिल हो रहे हैं जिसका आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे न्यास, टास्क इंटरनेशनल समेत अन्य संस्थाएं कर रही है। गिनीज, लिमका तथा एशिया बुक ऑफ रिकार्ड के प्रतिनिधियों के समक्ष प्रदर्शन होगा।



## अविमुक्तेश्वरानंद पर बच्चों के यौन शोषण मामले में एफआईआर दर्ज

**प्रयागराज. एजेंसी**



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ नाबालिग बच्चों के यौन शोषण के मामले एफआईआर दर्ज कर ली गई है। प्रयागराज के झूंसी थाने में दर्ज रिपोर्ट में शंकराचार्य के शिष्य मुकुंदानंद का भी नाम है। झूंसी थाना प्रभारी महेश मिश्रा के मुताबिक, 2-3 अज्ञात के खिलाफ भी पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दरअसल, जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज की याचिका पर प्रयागराज की पॉक्सो कोर्ट ने शनिवार को एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। आशुतोष ब्रह्मचारी ने कोर्ट में 2 बच्चों को पेश करके गंभीर आरोप लगाए थे। कोर्ट में कैमरे के सामने बच्चों के बयान दर्ज हुए थे। अदालत ने 13 फरवरी को अपना आदेश रिजर्व रख लिया था। शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने बताया था- हम दर-दर भटक रहे थे। पुलिस के पास जा रहे थे। हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। इसलिए न्याय के मंदिर में आए। आज लगा कि न्याय अभी जिंदा है। न्यायालय ने हमें आज न्याय दिया। मैं अब साफ-साफ कहना चाहता हूं कि शिष्यों के साथ यौन शोषण और समलैंगिक अपराध किया गया। इसकी पुष्टि न्यायालय ने कर दी है।



जहरीला भूजल... साईंनाथ नगर और गेहूंखेड़ा के बोरवेल पानी में ई-कोलाई मिला

# बोरवेल के नमूनों में मिला दूषित जल तालाबों में मिल रहा सीवेज का पानी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी का 'वाटर रिपोर्ट कार्ड' लाल निशान के पार जा चुका है। जलसुनवाई में गेहूंखेड़ा और साईंनाथ नगर के निजी बोरवेल के नमूनों में मिला दूषित पानी जो सच उगला है, वह डरावना है। यहां के बोरवेल के पानी में ई-कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि हुई है। यह बैक्टीरिया इसका प्रमाण है कि पीने के पानी में मानव मल घुल चुका है। विशेषज्ञों की मानें तो शहर के तालाबों का पानी गंदा हो चुका है और यही पानी जमीन के अंदर जाता है तो वह भी गंदा ही है। यही वजह है कि शहर के भूजल में बैक्टीरिया मिल रहे हैं।

साईंनाथ नगर के पास से बहने वाले नालों में गंदगी भर चुकी है और सीवेज का पानी सौधे कलियासोत नदी में मिल रहा है। वैसे तो पानी सूखने से नदी में पत्थर और घास नजर आ रही है, लेकिन नदी में जो पानी भरा है वह भी सीवेज का दूषित पानी है, जो भू-जल को भी दूषित कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि भूजल तक ई-कोलाई का पहुंचना केवल स्थानीय नालियों की समस्या नहीं है। यह पूरे भोपाल के इंको-सिस्टम के 'कोलेप्स' होने का संकेत है। कलियासोत नदी में भरा नालों से आ रहा गंदा पानी, जिससे आसपास का भूजल भी दूषित हो चुका है। इसका उपयोग सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है।

रहवासी मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि जल सुनवाई की रिपोर्ट ने हमारी आशंका सच कर दी। हमारे बोरवेल में पिछले डेढ़ साल से सीवेज मिश्रित पानी आ रहा है। केबल कंपनियों ने नालिया पैक कर दी है। हार मानकर मैंने अब नगर निगम का पानी कनेक्शन लिया है, क्योंकि बोरवेल का पानी अब इस्तेमाल के लायक नहीं बचा।

रहवासी ने बताया कि सुरेंद्र सिंह नालियों में मलबा और केबल फंसे होने से पानी आगे नहीं बढ़ रहा है। मैंने खुद के खर्च पर सीवेज रिम लगवाया, ताकि बचाव हो सके, लेकिन जब तक पूरी नाली साफ नहीं होगी, समस्या बनी रहेगी। ई-कोलाई मिलना गंभीर है, निगम को तुरंत इन कंपनियों पर कार्रवाई कर सफाई करानी चाहिए।

### बहने वाले नाले में भरा कचरा

पर्यावरणविद् सुभाष सी. पांडे ने बताया कि भोपाल के तालाबों का पानी दूषित हो चुका है। जब ऊपरी जल स्रोतों में ही मानव मल (ई-कोलाई) मिल चुका है, तो उनसे रिचार्ज होने वाला भूजल शुद्ध कैसे रह सकता है? सीवेज लाइनों का रिसाव और तालाबों में गिरता कचरा सीधे हमारे शरीर तक पहुंच रहा है, जो गंभीर बीमारियां पैदा कर सकता है।

### कंपनी की मनमानी या निगम की लाचारी

साईंनाथ नगर के रहवासियों का आरोप है कि निजी केबल कंपनियों ने ड्रेनेज सिस्टम का गला घोंट दिया है। नालियों के बीचों-बीच केबल बिछाकर मलबा वहीं छोड़ दिया गया। पिछले डेढ़ साल से सीवेज का पानी निकास न मिलने से जमीन में रिस रहा है। नतीजा यह कि लाखों रुपये खर्च कर लगवाए गए निजी बोरवेल अब जहर उगल रहे हैं। नगर निगम के वार्ड-80 के कर्मचारियों की सुस्ती का आलम यह है कि उन्हें यह तक नहीं पता कि किन घरों के सैपल फेल हुए है। वहीं निगमायुक्त का कहना है कि अगर निजी 4 ट्यूबवेलों में दूषित पानी आ रहा है तो लोग उनकी जांच करा सकते हैं। जहां नाली में मलबा भर गया है, उसकी जानकारी लेकर दिखवाती हूं।

जटिलताओं की फाइल तैयार करने के निर्देश जारी

# अब हर नवजात की मौत का किया जाएगा ऑडिट

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

नवजात शिशुओं की मौत को लेकर अब स्वास्थ्य विभाग और सख्त हो गया है। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने साफ निर्देश दिए कि एसएनसीयू में होने वाली हर नवजात मृत्यु का विस्तृत ऑडिट किया जाए। सिर्फ अस्पताल में हुई घटना ही नहीं, बल्कि गर्भावस्था से लेकर प्रसव तक की सभी जटिलताओं को फाइल में शामिल करना अनिवार्य होगा।

इसके साथ ही ऑपरेशन थिएटर और लेबर रूम में संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था को और मजबूत करने तथा एआई आधारित तकनीक अपनाने पर भी जोर दिया गया है। बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील सोलंकी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि नवजात मृत्यु दर कम करना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए हर स्तर पर गंभीरता से काम करना होगा। बैठक में जानकारी दी गई कि होप कार्यक्रम के तहत 902 वृद्धजन चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 560 को नर्सिंग अधिकारियों द्वारा घर जाकर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा चुकी हैं। गंभीर बीमारियों से ग्रस्त बुजुर्गों को 7वें, 14वें और 21वें दिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा घर पर सेवाएं दी जाती हैं।

### पोषण सेवाओं में संयुक्त कार्य की जरूरत

जिला पोषण समिति की बैठक में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग को मिलकर काम करने के निर्देश दिए, ताकि मातृ और शिशु स्वास्थ्य में समग्र सुधार हो सके।

### एसएनसीयू में हर मौत की होगी गहराई से जांच

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विशेष नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) में होने वाली हर शिशु मृत्यु का डेथ ऑडिट किया जाए। ऑडिट में यह देखा जाए कि मृत्यु के पीछे वास्तविक कारण क्या थे और क्या उन्हें पहले पहचाना जा सकता था। उन्होंने कहा कि डेथ ऑडिट में गर्भावस्था के दौरान आई दिक्कतें, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, समय पर जांच और प्रसव के दौरान आई जटिलताओं को भी शामिल किया जाए। इससे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सकेगा।

### एआई आधारित इन्फेक्शन कंट्रोल पर जोर

बैठक में अस्पतालों के ऑपरेशन थिएटर और लेबर रूम में संक्रमण नियंत्रण की चेकलिस्ट का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि संक्रमण रोकने के लिए एआई आधारित तकनीक को शामिल करने पर विचार किया जाए, जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना कम हो। उन्होंने कहा कि संक्रमण नियंत्रण बेहतर होगा तो प्रसव और ऑपरेशन के दौरान होने वाली जटिलताओं में कमी आएगी। कलेक्टर ने टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लाभार्थियों से फीडबैक लेने के निर्देश दिए। साथ ही एएनसी पंजीयन बढ़ाने, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान करने और जरूरत पड़ने पर तुरंत रेफरल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सुरक्षित प्रसव सेवाओं को मजबूत करने पर भी जोर दिया।

# बच्चा चोरी की अफवाह फैलाने वाले पर दर्ज की एफआईआर

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

### 5 साल पुराना वीडियो वायरल कर भोपाल में फैला रहे थे दहशत

### अयोध्या नगर थाने के टीआई महेश लिल्हारे ने दिखाई सजगता, जांच में पता लगाया वीडियो अगस्त 2019 का

राजधानी में सोशल मीडिया पर बच्चा चोरी की झूठी अफवाह फैलाकर दहशत पैदा करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। अयोध्या नगर थाना पुलिस ने एक इंस्टाग्राम यूजर के विरुद्ध भ्रामक जानकारी साझा करने और सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की धाराओं में अपराध दर्ज किया है। आरोपी अपनी आईडी से एक पुराना और कांट-छांट किया गया वीडियो वायरल कर रहा था, जिससे शहर में भय का माहौल बन रहा था। पुलिस के मुताबिक, इंस्टाग्राम आईडी द्वारा हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया था। इस वीडियो में एक बालक बंधा हुआ दिखाई दे रहा है और उसे बच्चा चोर बताया जा रहा है। वीडियो के साथ किए गए दावों में कहा गया कि भोपाल के अयोध्या नगर क्षेत्र में बच्चा चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। जब पुलिस ने इस वीडियो की तकनीकी जांच और तस्दीक की, तो सच कुछ और ही निकला। जांच में पता चला कि यह वीडियो अगस्त 2019 का है और उत्तर प्रदेश के जालौन जिले (थाना एट) से संबंधित है। उस समय सोनू श्रीवास नाम के एक बालक को कुछ शरारती तत्वों ने शराब के नशे में बच्चा चोर समझकर पकड़ लिया था और मारपीट कर खंभे से बांध दिया था। डरा-धमकाकर उससे यह कहलवाया गया था कि वह किडनी निकालने वाले गिरोह का सदस्य है। यूपी पुलिस ने उसी वक्त (2019 में) दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की थी। इसी पुराने वीडियो को अब भोपाल का बताकर वायरल किया जा रहा था।

### टीआई महेश लिल्हारे ने की पुष्टि



टीआई महेश लिल्हारे ने बताया कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान पाया गया कि एक इंस्टाग्राम आईडी से भ्रामक वीडियो पोस्ट किया जा रहा है। इसमें एक बच्चे को बंधक बनाकर उसे बच्चा चोर बताया गया और दावा किया गया कि अयोध्या नगर क्षेत्र में किडनी निकालने वाला गिरोह सक्रिय है। जब वीडियो की बारीकी से तस्दीक की गई, तो पता चला कि यह घटना भोपाल की है ही नहीं। उन्होंने बताया कि भोपाल में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।

# सजगता सक्रियता और सकारात्मता से जीवन के उत्तरार्द्ध को आनन्द से बिताएं

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

जैसे जीवन में बचपन होता है किशोर आयु और युवा अवस्था होती है वैसे ही उत्तरार्ध होता है, यह एक सहज प्रक्रिया है इसे सकारात्मक ढंग से लेना चाहिए, कुछ इस तरह के उद्गार व्यक्त किये नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने जो वरिष्ठ विमर्श के अंतर्गत हिंदी भवन के वीरेंद्र तिवारी सभा कक्ष में सकारात्मक उत्तरार्द्ध विषय पर मासिक गोष्ठी में अपने विचार रख रहे थे। इस विचार गोष्ठी का सफल संयोजन एवं। संचालन महेश सक्सेना ने किया इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ मनोचिकित्स डॉ. जेपी अग्रवाल ने कहा की बुजुर्गों में आयु के साथ तनाव व चिंता बढ़ती है जिसे दवाओं के अलावा ध्यान और योग से ठीक किया जा सकता है। इस अवसर पर अपने अनुभव साझा करते हुए विधिवेत्ता बीके




सांघी ने कहा -बुजुर्ग लोग सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहें। अपने विचार रखते हुए गाँधी भवन के सचिव गांधीवादी दयाराम नामदेव ने कहा जैसे आखिरी समय में कछुआ अपने अंग समेट लेता है हमें भी अपने काम समेट लेना चाहिए। हिंदी भवन के सहमंत्री डॉ. संजय सक्सेना ने बुजुर्ग और बीमार लोगों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर करने की बात कही। साहित्यकार घनश्याम मैथिल अमृत ने जीवन में समझौते के साथ पुनः बचपन की तरफ लौटने का विचार प्रकट किया रखा, जेप. तापी ने आनन्द और खुशी को परिभाषित किया। वरिष्ठ व्यंग्यकार संजय खरे ने उम्र को केवल एक अंक बताया तथा लेखन और पर्यावरण से जुड़ाव में समय गुजारने की बात कहीं। वरिष्ठ

### हिंदी भवन में वरिष्ठ विमर्श की मासिक विचार गोष्ठी

साहित्यकार सुरेश पटवा ने अर्थ धर्म काम और मोक्ष की बात रखी। वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल सोनी ने सेवानिवृत जीवन को फिर से जीवन की एक शुरुआत बताया, साहित्यकार बीएल गोहिया ने विवेक पूर्ण निर्णय से जीवन जीने की सलाह दी, प्रो. रागिनी उप्पलवार ने योग व्यायाम नियम पूर्वक जीवन के अनुभव साझा किये, डॉ. गिरिजेश सक्सेना ने साहित्य के साथ संगीत में रम जाने के बात कही। इस वरिष्ठ विमर्श में पद्मश्री कैलाश चंद पंत विशेष रूप से उपस्थित हुए। वरिष्ठ विमर्श में अन्य जिन लोगों ने अपने विचार साझा किये उनमें प्रमुख रूप से नीरजा पारे, चंद्रहास शुक्ल, मनोज पाण्डेय, अनिल सकरगाय, पूरन लाल कुशवाहा, शिवकुमार शर्मा, प्रदीप मणि तिवारी ध्रुव साहित्य अन्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

# 17.37 लाख ठगे 3 नए मामले दर्ज

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में साइबर ठगी के तीन नए मामले सामने आए हैं। बजरिया क्षेत्र में रेलवे से रिटायर्ड कर्मचारी से 1 लाख 97 हजार 836 रुपए ठग लिए गए। मिसरोद में आरोपी ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर बिल जमा न होने का हवाला दिया और 1 लाख 40 हजार रुपए की ठगी की। टीटी नगर क्षेत्र में साढू के कहने पर शेयर मार्केट में निवेश किया गया, लेकिन एप फर्जी निकला। इस मामले में 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई। पुलिस ने तीनों मामले दर्ज कर जांच शुरू की है। करारिया फार्म निवासी 68 वर्षीय रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी रविदत्त गौतम को समधी बनकर कॉल किया गया। परिचित के अस्पताल में भर्ती होने का हवाला देकर एप डाउनलोड करवाया और 1 लाख 97 हजार 836 रुपए ट्रांसफर करा लिए।

# वीसा एक्सपायर हुआ तो ड्रग्स सप्लाई करने लगी युगांडा की महिला

**भोपाल।** डीआरआई ने रेलवे स्टेशन पर ड्रग्स के साथ पकड़ी गई युगांडा की महिला के खिलाफ भोपाल कोर्ट में चालान पेश कर दिया है। मामले में 11 मार्च को आरोप तय किए जाएंगे। कोर्ट ने आरोपी की ओर से डिप्टी लीगल एड डिफेंस रियाज हसन को नियुक्त किया है। डीआरआई ने 28 अगस्त 2025 को कार्रवाई करते हुए नाकिजीटो जोन नामक महिला को गिरफ्तार किया था। उससे 368.90 ग्राम मेथामफेटामाइन और 147.40 ग्राम कोकीन बरामद हुई थी। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2.20 करोड़ रुपए आंकी गई है। नाकिजीटो मेडिकल वीसा पर काम की तलाश में भारत आई थी। अप्रैल 2022 में वीसा की अवधि समाप्त होने के बाद भी वह मुंबई में रही। उसकी मुलाकात युगांडा की ही एक अन्य महिला, नामाकुला, से हुई। उसने उसे ड्रग्स सप्लाई के नेटवर्क से जोड़ा।

# गठिया को लेकर भ्रांतियां की दूर, इलाज से सामान्य जीवन संभव



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

गठिया को लेकर समाज में कई तरह की गलत धारणाएं फैली हुई हैं। अधिकतर लोग इसे केवल बढ़ती उम्र की बीमारी मानते हैं या यह सोचते हैं कि इसकी दवाओं से किडनी खराब हो जाती है और स्टेरॉइड्स हमेशा नुकसान पहुंचाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये धारणाएं पूरी तरह सही नहीं हैं। अस्थि रोग विभाग के विभाध्यक्ष डॉ. आशीष गोहिया ने स्पष्ट किया कि गठिया किसी भी उम्र में हो सकता है और विशेषज्ञ की निगरानी में दी गई दवाएं सुरक्षित होती हैं। समय पर पहचान और सही इलाज से मरीज सामान्य जीवन जी सकता है। इसी लेकर गांधी मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग द्वारा 'आर्थराइटिस अपडेट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ. आशीष गोहिया के नेतृत्व में अधिष्ठाता डॉ. कविता एन. सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक हमीदिया चिकित्सालय डॉ. सुनीत टंडन सहित मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सिम्मो दुबे और शिशु रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंजूषा गोयल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में रूमेटोलॉजिस्ट डॉ. प्रेक्षा द्विवेदी, भेषज विशेषज्ञ डॉ. प्रणय धुर्वे, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश टिक्कस और अस्थि रोग विशेषज्ञों की टीम ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए। डॉ. गोहिया ने बताया कि यदि सुबह उठते ही आधे घंटे तक जोड़ों में जकड़न बनी रहती है तो यह गठिया का शुरुआती लक्षण हो सकता है। यह ब्लड प्रेशर और शुगर की तरह एक क्रोनिक बीमारी है, जिसकी दवा लंबे समय तक लेनी पड़ सकती है।

मेट्रो एंकर

खुशीलाल आयुर्वेद कॉलेज में वर्कशॉप का समापन

# शरीर में टॉक्सिसिटी बढ़ती है तो पंचकर्म की जरूरत पड़ती है

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

इंसानी शरीर और डिजिटल डिवाइस कई मामलों में एक जैसे हैं। जिस तरह डिजिटल डिवाइस हैंग या लैक (फंस-फंस कर चलना) होने पर उसे रिसेट किया जाता है। इसी प्रकार हमारे शरीर में जब विकार या टॉक्सिसिटी बढ़ जाती है तो पंचकर्म की जरूरत पड़ती है। यह बॉडी को पूरी तरह से रिफ्रेश करने वाली एक आयुर्वेदिक प्रकिया है।



यह बातें एम्स दिल्ली के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रवीण कुमार ने कहीं। वे भोपाल स्थित पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान में आयोजित हुई एडवांस्ड पंचकर्म थैरेप्यूटिक पंचकर्म कार्यशाला में भाग लेने आए थे। संस्थान के प्राचार्य डॉ. उमेश शुक्ला ने बताया कि कार्यशाला में भोपाल सहित मध्य प्रदेश के 56 से जगहों से आए लगभग 150 आयुर्वेद विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य पंचकर्म की आधुनिक और उन्नत चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी देना, शोध आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना तथा चयनित रोगियों को फ्री परामर्श देकर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना था। पंचकर्म केवल उपचार नहीं बल्कि शरीर शुद्धि की प्रक्रिया है। इसमें पहले रोगी की जांच की जाती है, फिर शरीर को तैयार किया जाता है। उसके बाद शोध प्रक्रिया की जाती है। विद्यार्थियों को पंचकर्म की प्रामाणिक और वैज्ञानिक पद्धति से प्रशिक्षण देना है। पंचकर्मा इंसानी शरीर का मैनुअल डॉ. प्रवीण कुमार ने यह भी कहा कि जिस तरह इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (टीवी, मोबाइल या कम्प्यूटर) का एक मैनुअल होता है। उसी तरह इंसानी शरीर का एक मैनुअल है, जिसे आयुर्वेद कहा जाता है। पंचकर्म ऐसी प्रक्रिया है जो ना केवल रोगियों को रोग से मुक्त करती है। बल्कि जिन मरीजों को वर्तमान में कोई रोग नहीं है, उनमें भविष्य में रोग के खतरे को भी कम करती है। पंचकर्म में सिरोधारा से लेकर कई प्रकार की थेरेपी और डाइट का एक संयुक्त प्लान होता है।

### प्रत्येक आयु वर्ग के लिए अलग पंचकर्म तकनीक

विशेषज्ञों ने बताया कि पंचकर्म जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक किया जा सकता है, लेकिन हर आयु और रोग के अनुसार इसकी विधि अलग होती है। यह पूरी तरह हर्बल और सुरक्षित प्रक्रि या है। डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, कमर दर्द, न्यूरो मस्कुलर विकार और अन्य जीवनशैली रोगों में पंचकर्म लाभकारी सिद्ध हो सकता है। दिल्ली के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रवीण कुमार ने पित्त से ग्रसित लोगों के लिए विरेचन प्रक्रिया पर शोध आधारित व्याख्यान दिया।

### 'प्रोजेक्ट चीता' बोत्सवाना से 28 फरवरी को 8 और लाए जाएंगे

# विलुप्त हुए फर्राटों को मप्र में मिली रफ्तार, देश में जन्मे चीतों की भी होने लगी वंश-वृद्धि

### » यह प्रकृति से प्रगति का संदेश देती विश्व की सबसे सफल परियोजना: मुख्यमंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में चीता पुनर्स्थापन के 'प्रोजेक्ट चीता' विश्व का सबसे सफल अभियान है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कूनो में चीतों की सफल बसाहट पर खुशी जताते हुए कहा कि 28 फरवरी 2026 तक बोत्सवाना से 8 और चीते लाये जायेंगे। यह परियोजना 'प्रकृति से प्रगति' का संदेश है। भारत में विलुप्त हो चुके चीते के पुनर्स्थापन का ऐतिहासिक प्रयास, 'प्रोजेक्ट चीता', ने अपने तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। सितंबर 2022 में शुरू हुई यह वन्य जीव संरक्षण यात्रा सफलता के स्वर्णिम सोपान चढ़ चुकी है। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों ने भारतीय धरती पर खुद को अनुकूलित कर लिया है। कूनो और गांधी सागर अभयारण्य में उनकी दूसरी पीढ़ी के शावकों के निर्भय फर्राटों ने सिद्ध कर दिया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की कल्पना को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में हुए प्रयासों ने साकार कर दिया है। भारत के अभयारण्यों में फर्राटे भरते चीतों की रफ्तार भविष्य में जैव-विविधता संरक्षण की एक प्रेरक मिसाल बन रही है।

**ऐतिहासिक शुभारंभ से सशक्त स्थापना**–नामीबिया से 17 सितंबर 2022 को 8 चीतों का आगमन हुआ और प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उन्हें कूनो अभयारण्य के संरक्षित बाड़ों में छोड़ कर पुनर्स्थापना परियोजना का शुभारंभ किया। दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते 18 फरवरी 2023 को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गये।



### गामिनी, आशा, वीरा और निर्वा के साथ भारत में जन्मी मुखी ने भी दिया शावकों को जन्म

दक्षिण अफ्रीका से आये 12 में से 8 चीते वर्तमान में कूनो अभयारण्य में पूर्णतः स्थापित होकर स्वयं को वर्तमान आवास की परिस्थितियों में ढाल चुके हैं और पूरी तरह स्वस्थ हैं। इनमें से3 चीते गांधी सागर अभयारण्य में स्थानांतरित किए गए हैं। दक्षिण अफ्रीकी माताओं से जन्मे 10 शावक वर्तमान में जीवित और स्वस्थ हैं। भारत में जन्मी पहली वयस्क मादा चीता 'मुखी' ने भी 5 शावकों को जन्म दिया है। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत में चीता पुनर्स्थापन परियोजना अब शैशवास्था से आगे बढ़कर स्थायी स्थापना और प्रजनन के चरण में प्रवेश कर युवा हो चुकी है।'गामिनी' दूसरी बार माँ बनी है। उसकी पहली खेप में 3 स्वस्थ सब-एडल्ट शावक हैं और हाल ही में उसने 3 नए शावकों को जन्म दिया है। वीरा अपने 13 माह के शावक के साथ खुले जंगल में विचरण कर रही है, जबकि निर्वा अपने 10 माह के तीन शावकों के साथ संरक्षित बाड़े में है।

### कूनो से गांधी सागर पहुंची पुनर्स्थापना यात्रा

कूनो राष्ट्रीय उद्यान के साथ अब गांधी सागर अभयारण्य को भी चीतों के दूसरे घर के रूप में विकसित किया जा चुका है। तीन दक्षिण अफ्रीकी चीतों का वहाँ सफल स्थानांतरण हो चुका है। 'प्रोजेक्ट चीता' ने वन्य जीव संरक्षण को जन-भागीदारी से जोड़ा है। इस परियोजना में सहयोग के लिये 450 से अधिक 'चीता मित्र' तैयार हुए, साथ ही सैकड़ों प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए। इससे वन-आधारित आजीविका और सामुदायिक सहभागिता को नई दिशा मिली है।

### लक्ष्य: वर्ष- 2032 तक आत्मनिर्भर चीता आबादी

परियोजना के तीन वर्ष में प्राकृतिक कारणों और अनुकूलन संबंधी चुनौतियों के चलते कुछ चीतों की मृत्यु भी हुई। परंतु, जीवित चीतों ने भारतीय जलवायु, शिकार प्रजातियों और पारिस्थितिकी के अनुरूप स्वयं को ढालकर यह सिद्ध किया कि यह परियोजना दीर्घकालिक सफलता की ओर अग्रसर है। सरकार का लक्ष्य वर्ष-2032 तक लगभग 17 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में 60-70 चीतों की आत्मनिर्भर आबादी स्थापित करना है। इसके लिए गुजरात के बन्नी घास के मैदानों में एक संरक्षण प्रजनन केंद्र स्थापित किया जायेगा।लुप्त हो चुके चीतों का मात्र तीन वर्ष में देश में सफल पुनर्स्थापन भारत के वन्य जीव संरक्षण का सशक्त उदाहरण है। प्रजनन करती



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंध नदी पर नवनिर्मित सेतु का किया लोकार्पण, बोले-

# विकास, नवाचार-किसान समृद्धि का रोल मॉडल बन रहा है दतिया

### मां पीताम्बरा लोक के निर्माण से दतिया को मिलेगी आध्यात्मिक एवं धार्मिक पहचान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दतिया वीरता और भक्ति का अद्भुत संगम है। यहां आस्था और प्रगति एक साथ दिखाई देती है। हमारी सरकार दतिया के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। विगत वर्ष बुंदेला काल के दतिया महल और गुज्जरा लघु शिलालेख को यूनेस्को की टेंटेटिव सूची में स्थान मिल गया है। उन्होंने कहा कि दतिया जिले की विकास यात्रा अब रूकने वाली नहीं है। आज दतिया विकास, नवाचार, महिला सशक्तिकरण और किसान समृद्धि का एक रोल मॉडल बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया में एयरपोर्ट के शुभारंभ के साथ दतिया से भोपाल फ्लाईट भी शुरू हो गई है। खजुराहो से नई दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन के जरिए दिल्ली अब दतिया से चंद घंटों की दूरी पर आ गया है। उन्होंने कहा कि दतिया में मां पीताम्बरा लोक का निर्माण तेजी से प्रगति पर है। इससे जिले के पर्यटन को नए पंख लगेंगे और दतिया को एक नई धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहचान भी मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दतिया के सेवढ़ा में 529 करोड़ लागत के 71 विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि करीब सवा 2 हजार करोड़ रूपए की लागत वाली रतनगढ़ सिंचाई परियोजना से इस क्षेत्र के 40 हजार से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।

### केन-बेतवा प्रोजेक्ट का फायदा मिलेगा किसानों को

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कभी पेयजल संकट से जूझने वाला दतिया में आज हर घर में नल से जल पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना पर काम चल रहा है। इसका भरपूर लाभ दतिया जिले के किसानों को भी मिलेगा। अब किसानों को सिंचाई के लिए पानी की चिंता करने की जरूरत नहीं है। दतिया जिले में 1.48 लाख हैक्टेयर से अधिक भू-रकबे में सिंचाई सुविधा का विस्तार होने से यहां कृषि उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है। विगत दो सालों में यहां 7 लघु सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण हुआ है।

### पशुपालन और दुग्ध उत्पादन बढ़ाना हमारा लक्ष्य

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार किसानों की समृद्धि और सम्मान के लिए दृढ़-संकल्पित है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसान भाइयों के खाते में सम्मान निधि भेजने की शुरुआत की है। हमारे लिए सीमा पर जवान और खेतों में किसान, दोनों बराबर हैं। दोनों समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहकर हर मौसम में काम करते हैं। प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

### युवा और महिला चेहरों को वरीयता दे सकती है पार्टी

# भाजपा की राष्ट्रीय टीम में दिखेंगे मप्र के कई चेहरे, भेजे 15 के नाम

### नड्डा की टीम में मप्र के चार नेताओं को स्थान मिला था

### इस बार भी चार से पांच नेताओं को मिल सकता है स्थान





**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भाजपा संगठन की राष्ट्रीय टीम में मध्य प्रदेश के कई चेहरे दिखाई दे सकते हैं। प्रदेश संगठन ने राज्य के ऐसे 15 नेताओं के नाम केंद्रीय नेतृत्व को भेजे हैं, जो अलग-अलग अंचलों से हैं और अभी सत्ता या संगठन के किसी पद पर नहीं हैं।भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम का गठन होना है और अन्य मोर्चे भी गठित किए जाने हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने इस बारे में प्रदेश संगठन से सुझाव मांगे थे।

वर्तमान में मध्य प्रदेश से सत्यनारायण जटिया (संसदीय बोर्ड सदस्य), ओम प्रकाश धुर्वे (राष्ट्रीय सचिव) और लाल सिंह आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष, एससी मोर्चा) जैसे नेता राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। पार्टी 2029 के लोकसभा चुनाव और संगठन की मजबूती को ध्यान में रखकर अनुभवी नेताओं के साथ-साथ युवा और महिला चेहरों को भी वरीयता देना चाहती है।

पूर्व अध्यक्ष जेपी नड्डा की टीम में मध्य प्रदेश से कैलाश विजयवर्गीय सहित चार नेताओं को स्थान मिला था। उस दौरान कैलाश विजयवर्गीय राष्ट्रीय महासचिव थे। बाद में वर्ष 2023 में वह राज्य में मंत्री बना दिए गए। पार्टी नेताओं का मानना है कि चूंकि पूर्व में राष्ट्रीय संगठन में एक ही समय में मध्य प्रदेश से दो-दो महासचिव थावरचंद गहलोत और नरेंद्र सिंह तोमर रहे हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि नितिन नवीन की टीम में भी मध्य प्रदेश का प्रभाव बढ़ सकता है।

### इस बार भी चार से पांच नेताओं को स्थान मिलने की संभावना

इस बार भी चार से पांच नेताओं को नितिन नवीन की टीम में स्थान मिलने की संभावना है। इसमें एक या दो महिलाएं भी हो सकती हैं। इसके साथ ही युवा नेताओं को भी अवसर मिल सकता है। बाकी अन्य को मोर्चा- प्रकोष्ठ में शामिल किया जा सकता है। दरअसल, मध्य प्रदेश हमेशा से ही भाजपा के लिए एक प्रयोगशाला की तरह रहा है। हिंदू महासभा हो या जनसंघ, दोनों की जड़ें मध्य प्रदेश में मजबूत रही हैं। यही कारण है कि भाजपा यहां लंबे समय से सत्ता में है। संगठन की मजबूती की दूसरी वजह यहां के कुशल संगठनकर्ता भी माने जा सकते हैं। जिनकी वजह से राष्ट्रीय संगठन के स्तर पर भी यहां के भाजपा कार्यकर्ताओं का दबदबा रहा है।



### युवा संसद में यूसीसी और वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा

# तोमर बोले-भारत में प्राचीन काल से लोकतांत्रिक परंपरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल की बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी में 21 से 22 फरवरी तक दो दिवसीय युवा संसद' मंथन' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डिपार्टमेंट ऑफ लीगल स्टडीज ने आयोजित किया है। यूथ पार्लियामेंट में देशभर से 167 छात्रों ने भाग लिया। पूरे कॉम्पीटिशन को चार हिस्सों लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और महिला संसद में बांटा था।

लोकसभा में 'वन नेशन वन इलेक्शन', राज्यसभा में यूनिफॉर्म सिविल कोड, विधानसभा में क्लाइमेट चेंज और महिला संसद में भारत में महिला सुरक्षा पर चर्चा हुई। मध्य प्रदेश विधानसभा के वर्तमान स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भारत का लोकतंत्र और उसकी ताकत संवाद की प्रक्रिया से मजबूत होती है। भारत में प्राचीन काल से लोकतांत्रिक परंपरा रही है। 21वीं सदी भारत की सदी बनेगी, जैसा स्वामी विवेकानंद ने कहा था। उन्होंने युवाओं को केंद्र में रखते हुए कहा कि देश की आधी से अधिक आबादी युवा है और युवा चाहे तो देश को विकसित भारत और विश्व गुरु बना सकते हैं।रानी लक्ष्मीबाई, शंकराचार्य और स्वामी विवेकानंद ने कम उम्र में महान कार्य किए। युवाओं से उन्होंने तकनीक का उपयोग करने, संस्कार और विनम्रता बनाए रखने तथा देश की जिम्मेदारी को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।यूथ पार्लियामेंट के पहले दिन व्यवस्था संभाल रहे लोगों के बीच कॉर्डिनेशन की कमी देखने को मिली। पहला सेशन 1 बजे शुरू होना था लेकिन देरी के कारण 1:40 में शुरू हुआ।

### यूसीसी -वन नेशन वन इलेक्शन चर्चा में इसलिए चुने गए

लीगल डिपार्टमेंट की प्रमुख प्रोफेसर मोना पुरोहित ने कहा कि सभी मुद्दों का चयन इसलिए किया है ताकि बच्चों को समझ में आए कि जो मुद्दे अभी चर्चा में हैं, वे आगे चलकर कानून की शक्ल कैसे लेंगे और संसद में किसी भी बिल के कानून बनने की पूरी प्रक्रिया क्या होती है। उन्होंने कहा कि संसद की चर्चा की बात करें तो वन नेशन वन इलेक्शन और यूसीसी के मुद्दे अभी चर्चा में हैं। इन्हें लेकर लोगों में अनिश्चितता है। भविष्य में ये दोनों मुद्दे अधिनियम की शक्ल ले सकते हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए इन्हें चुना गया है।

### कांग्रेस नेता आशीष तिवारी ने पूर्व सीएम नाथ से की मुलाकात

**भोपाल।** कांग्रेस नेता एवं कई राज्यों में पार्टी के प्रचारक आशीष तिवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ,पार्टी के अध्यक्ष जीतू पटवारी समेत वरिष्ठ विधायकों से सौजन्य भेंट कर पार्टी,संगठन की मजबूती,आगामी चुनाव की रणनीति तथा प्रदेश एवं जिला स्तर पर युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर चर्चा हुई। तिवारी ने मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा से मुलाकात कर क्षेत्र की जनसमस्याओं एवं समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की एवं उनके शीघ्र निराकरण का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही हमारा प्रमुख ध्येय है और आमजन की समस्याओं व अपेक्षाओं की आवाज बनकर सड़क से सदन तक निरन्तर प्रयास करते रहेंगे।



### नाराजगी की अलग-अलग वजहें आ रही सामने

# नहीं थम रही कटारे के इस्तीफे पर सियासी अटकलें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान घटी एक अप्रत्याशित घटना ने सियासी हलकों में हलचल पैदा कर दी। कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने उप नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया। अब उनके इस फैसले के पीछे की वजह सामने आई है, जिसमें पार्टी के भीतर तालमेल की कमी को अहम कारण माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सदन की कार्यवाही के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और सचेतक सोहन वाल्मीक लंच के लिए बाहर चले गए थे।इसी बीच कटारे को एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए शताब्दी एक्सप्रेस से रवाना होना था। चूंकि सदन में नेता प्रतिपक्ष और सचेतक मौजूद नहीं थे, ऐसे में कटारे सदन की कार्यवाही छोड़कर नहीं जा सके। समन्वय की कमी के कारण वे समय पर स्टेशन नहीं पहुंच पाए और उनकी ट्रेन छूट गई। बताया जा रहा है कि कटारे अपने मामा के पुत्र के विवाह में शामिल होने जा रहे थे। यह भी चर्चा में है कि उन्होंने अपने यात्रा कार्यक्रम की पूर्व जानकारी नेता प्रतिपक्ष को नहीं दी थी। बाद में इस मुद्दे पर दोनों के बीच बातचीत हुई, जिसमें सूचना न देने को लेकर नाराजगी जताई गई।



### सोशल मीडिया पर दी सफाई

इस्तीफे के बाद सबसे पहले प्रतिक्रिया खुद हेमंत कटारे की ओर से सामने आई। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साफ किया कि उनका फैसला पूरी तरह निजी और पारिवारिक कारणों से जुड़ा है। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस उनके स्वर्गीय पिता की विरासत है और फोन न उठाने को लेकर किसी तरह के राजनीतिक कयास न लगाए जाएं। शादी की सालगिरह पर परिवार के साथ समय बिताना उनका अधिकार है, इसे किसी साजिश से न जोड़ा जाए।

### कटारे ने भाजपा पर साधा निशाना

कटारे ने विपक्षी दल भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अनावश्यक खुशफहमी पालने की जरूरत नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे सोमवार से सदन में पूरी तैयारी और दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहेंगे। अपने संदेश में उन्होंने भरोसा जताया कि वे विभिन्न मुद्दों चाहे वह गोमांस का मामला हो, इंदौर के भागीरथपुरा का विषय, शंकराचार्य के अपमान का प्रश्न, या प्रदूषण और कथित भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दे हर विषय पर तथ्य और तर्क के साथ सरकार को घेरेंगे।

**मेट्रो एंकर**

### शिकायत के बाद विभागीय जांच में उजागर हुआ मामला

# पीडब्ल्यूडी में कम दामों पर टेंडर ले रहे ठेकेदार,16 जिलों में रोकी निविदा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

लोक निर्माण विभाग में टेंडर लेने के लिए ठेकेदारों द्वारा जमकर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। सरकारी दस्तावेजों की स्कैन कॉपी लगाकर कम दरों पर टेंडर हासिल कर लिए और निम्न स्तर का काम किया जा रहा है। इस बात की शिकायत मिलने के बाद विभाग ने आंतरिक जांच कराई तो यह बात सामने आ गई। इसके बाद 16 जिलों में निविदाओं को रोक दिया गया। सूत्रों से पता चला है कि विभाग द्वारा अधिकारियों और ठेकेदारों पर कसावट कसी जा रही है। सितंबर और अक्टूबर 2025 के बीच जारी कई निविदाओं की स्वीकृति प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।

विभाग ने इसे लेकर सख्ती दिखाई है और साफ कर दिया है कि जब तक सभी त्रुटिपूर्ण निविदाओं का दोबारा परीक्षण नहीं हो जाता, तब तक नए कार्यों को स्वीकृति नहीं दी जाएगी। इतना ही नहीं विभाग अब कागजों पर भरोसा करने की बजाय ग्राउंड जीरो पर जाकर भौतिक सत्यापन की तैयारी कर रहा है।

इसके लिए अलग से विशेष टीमें बनाई जाएंगी, जो निर्माणाधीन साइटों का जाकर दौरा करेंगी। इसमें देखा जाएगा कि क्या ठेकेदार ने वाकई अपनी मशीनें लगाई हैं या सिर्फ कागजों पर स्वामित्व दिखाया है। मौके पर लैब की मौजूदगी और वहां तैनात इंजीनियरिंग स्टाफ की भी गिनती की जाएगी। विभाग ने सख्त निर्देश दिए हैं कि जब तक सत्यापन रिपोर्ट सही नहीं आती, तब तक भुगतान और नए टेंडरों की प्रक्रिया लंबित रहेगी।





### ये हैं जरूरी नियम

- ठेकेदार के पास न्यूनतम आवश्यक मशीनरी का अपना स्वामित्व होना अनिवार्य है।
- निर्माण स्थल पर लैब और निर्धारित उपकरणों की सूची का होना जरूरी है।
- हर प्रोजेक्ट के लिए न्यूनतम योग्यता वाले तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति अनिवार्य है।
- बिटुमिन (डामर) की खरीद केवल सरकारी रिफाइनरी से ही की जा सकती है, जिसके बिलों का सत्यापन अनिवार्य होगा।

### टेंडर शर्त के तहत मूल फॉर्म नहीं भरा

जांच में पता चला कि सागर, रायसेन, सतना और खरगोन सहित कई जिलों में अधिकारियों ने संशोधित निविदा शर्तों को मूल टेंडर डॉक्यूमेंट के मुख्य फॉर्म (बिड डाटा शीट) में शामिल ही नहीं किया। अधिकारियों ने केवल शासन द्वारा जारी आदेश की एक स्कैन प्रति दस्तावेज के अंत में नत्थी कर दी। इसकी मदद से ठेकेदार कम दरों पर टेंडर हासिल कर रहे हैं। ऐसे में जब भी जांच होगी तो ठेकेदार बच निकलेंगे।



## नकारात्मक ऊर्जा दूर करने के लिए टिप्स

**घर में अगर बार-बार परेशानियां, कार्यों में बाधाएं आ रही हैं और सुख-शांति ख़त्म होने लगी है तो ऐसे में फेंगशुई टिप्स सहायक साबित हो सकते हैं। इन्हें आजमाने से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मकता बढ़ने लगती है। जिससे घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रह सकती है। यहां घर से जुड़े ऐसे ही कुछ फेंगशुई टिप्स बताए जा रहे हैं।**

# फेंगशुई से घर में आएगी सुख-शांति और समृद्धि

वास्तुशास्त्र में घर से जुड़ी हर वस्तु की सही दिशा, स्थान, उपाय आदि बताए गए हैं जिनसे घर में सकारात्मकता बनी रहती है। इसी तरह कुछ ऐसे फेंगशुई टिप्स भी हैं जिनका ख्याल रखने से घर में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है। अगर आपके घर में बार-बार समस्याएं और बाधाएं आ रही हैं तो इन्हें दूर करने के लिए फेंगशुई टिप्स आजमा सकते हैं। ऐसा करने से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होने लगती है और आसपास का वातावरण शुद्ध व सकारात्मक होता है। जिससे घर-परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहता है और बरकत बढ़ती है।



### घर से बाहर निकालें पुराना सामान



अगर आपके लंबे समय से पुराने कपड़े रखें हैं जिन्हें आप नहीं पहनते हैं तो उन्हें घर से बाहर कर देना चाहिए। साथ ही, पुरानी और खराब घड़ियों को भी घर में रखना शुभ नहीं माना जाता है। फेंगशुई के अनुसार, घर में पुराने ताले, जूते-चप्पल आदि घर से बाहर करते रहना चाहिए। इन चीजों को लंबे समय तक घर में रखने से सौभाग्य नष्ट हो सकता है।

### विशेष चीजों का धुआं

वास्तु शास्त्र और फेंगशुई के अनुसार, कुछ विशेष चीजों का धुआं नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में मदद करता है और घर में शांति और सुख बनाए रखता है। इनमे पीली सरसों और लोबान, कपूर , तेजपत्ता शामिल हैं। शाम के समय पीली सरसों और लोबान का धुआं पूरे घर में दिखाएं। यदि घर में क्लेश ज्यादा है, तो एक तेजपत्ता जलाकर उसका धुआं कमरों में फैलाएं, यह तनाव कम करता है। धुएं के साथ-साथ पानी में समुद्री नमक डालकर पोंछा लगाने से निगेटिविटी तुरंत खत्म होती है।

### टूटा शीशा न करें इस्तेमाल

अगर आपके घर में टूटा शीशा रखा है तो उसे तुरंत वहां से हटा दें। मान्यता है की टूटे शीशे में मुख देखना शुभ नहीं होता है। साथ ही, इस प्रकार का शीशा या कांच घर में नहीं रखना चाहिए। इस बात का भी ख्याल रखें कि कबाड़ को घर में नहीं रखना चाहिए। ऐसा करने से आसपास नकारात्मक ऊर्जा बढ़ने लगती है जिससे कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।


### सिरहाने और इसके आसपास सावधानी



फेंगशुई के अनुसार, रात के समय कभी भी अपने सिरहाने, तकिए या पलंग के नीचे कोई भी वस्तु रखकर नहीं सोना चाहिए। मान्यता है की इससे व्यक्ति की नींद और एकाग्रता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। साथ ही, अपने बिस्तर की तरफ घड़ी, फोन, दवाईयां आदि भी रखकर नहीं सोना चाहिए। ऐसा करने से भाग्य और जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अगर घर में लगे किसी भी नल से पानी टपकता हो तो उसे तुरंत ठीक करा लेना चाहिए। मान्यता है कि नल से लगातार पानी टपकना शुभ नहीं होता है और फेंगशुई में जल को धन माना गया है। ऐसे में इससे धन का नाश हो सकता है। इन फेंगशुई टिप्स का ख्याल रखने से घर से नकारात्मकता दूर रहती है। साथ ही, सुख-समृद्धि और शांति में वृद्धि होती है।

### टॉयलेट से जुड़ी बातों का ख्याल

फेंगशुई के अनुसार, घर में टॉयलेट से जुड़ी कुछ बातों का ख्याल अवश्य रखना चाहिए। इसका दरवाजा कभी भी खुला नहीं रखना चाहिए। साथ ही, इस बात का ख्याल रखें की टॉयलेट में एक रोशनदान जरूर हो जो की बाहर की ओर खुलता हो। इस स्थान पर कांच या चीनी मिट्टी की कटोरी में साबुत नमक जरूर रखना चाहिए। इस बात का ख्याल रखें कि इसे समय-समय पर बदलना आवश्यक होता है। ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा नहीं फैलती है।



## जीवन-ज्योति

# ज्ञान में तर्क - वितर्क होता है और भक्ति में समर्पण

स्वामी अवधेशानंद गिरी
आध्यात्मिक गुरु



नर्मदा के तट पर स्वामी परमानंद जी का सुंदर आश्रम था। एक दिन वह अपनी शिष्य मंडली के साथ नदी के तट पर टहल रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि आश्रम के पास झुरमुट के पास दो युवक बैठे हुए थे। स्वामी जी को संदेह हुआ कि कहीं ये आश्रम से कुछ चुराने तो नहीं आए हैं। शिष्यों ने बताया कि ये दोनों भक्त हैं और आपके प्रवचन सुनने आते हैं। उनका हुलिया देखकर परमानंद जी को बात कुछ जंची नहीं। ये क्या समझेंगे, जरूर प्रसाद के लोभ में आते होंगे। उन्होंने उन दोनों युवकों को बुलवाया। फिर हंसते हुए बोले, 'तुम्हारी समझ में क्या आया, हमको बताओ।'

दोनों कुछ नहीं बोले तो स्वामी जी ने डपट कर कहा- 'भागो, यहां बेकार भीड़ न लगाओ। कल सुबह जब मेरा प्रवचन हो, तब आना। प्रसाद भी तभी मिलेगा।' दोनों सहज भाव से वहां से चले गए। उनके जाने के बाद स्वामी जी ठहाका मारकर हंसे। वे शिष्यों को जताना चाहते थे कि उन्हें अभी सही-गलत भक्तों की पहचान नहीं है। सत्संग में रस लेना इतना सहज नहीं है। उसके लिए उनके जैसा गहन अध्ययन और विषय चिंतन चाहिए। दूसरे दिन स्वामी जी के आश्रम में संत समागम था। सैकड़ों विद्वानों और भक्तजनों के बीच स्वामी जी का प्रवचन होना था। लेकिन रात को भयंकर वर्षा हो गई। नदी का पुल बह गया। सभी मार्ग टूट गए। आने वाले भक्तगण उधर के उधर ही रुक गए। कोई भी आश्रम तक नहीं आ पाया। स्वामी जी आश्रम की खिड़की से पानी का तेज बहाव देख रहे थे। सहसा उन्होंने देखा कि उसी में गिरते-पड़ते दो युवक आश्रम की ओर चले आ रहे हैं। नजदीक आने पर स्वामी जी ने उन्हें पहचान लिया। वे दोनों वही युवक थे जिनको कल उन्होंने अपमानित किया था। वे उनके प्रवचन सुनने आज उफनती नदी पार करके आश्रम में पहुंच थे।



वे दोनों युवक पहले की तरह आश्रम के एक कोने में वृक्ष के नीचे दुबक कर बैठ गए। स्वामी जी धीरे-धीरे उनके पास पहुंचे। दोनों ने विनम्र भाव से खड़े होकर स्वामीजी को प्रणाम किया। अचानक उनमें स्वामी जी को अपने इष्ट के दिव्य रूप के दर्शन हुए। झुककर स्वामी जी ने दोनों के चरण पकड़ लिए और भाव विभोर हो उठे। स्वामी जी का ज्ञान का अभिमान छू मंतर हो गया। भक्ति की एक लहर ने स्वामी जी का सारा अहंकार बहा दिया।

**सच्ची विद्या झुकना सिखाती है :** ज्ञान में अभिमान होता है, भक्ति में विनम्रता होती है। ज्ञान में कर्म फल और मोक्ष प्राप्ति की इच्छा होती है, भक्ति में सिर्फ सेवा की। ज्ञान में तर्क-वितर्क होता है, भक्ति में समर्पण। ज्ञान में विद्वता और क्षमता का प्रदर्शन होता है, भक्ति में सहिष्णुता का। इसलिए भक्त को ईश्वर प्राप्ति का परम साधन माना गया है। विद्या अहंकार नहीं, बल्कि विनय लाती है। जो व्यक्ति विनम्र होता है, उसे सब पसंद करते हैं।

अहंकार रहित व्यवहार ही श्रेष्ठ है। मानसिक, वाचिक (वाणी) और कर्म (मनसा, वाचा, कर्मणा) से स्वयं के व्यवहार पर नज़र रखनी चाहिए। हमें वर्तमान में रहकर अपने ज्ञान और अनुभव के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। जब किसी व्यक्ति के जीवन में सच्ची विद्या आती है, तो उसके भीतर विनम्रता आ जाती है, जो उसे दूसरों के सामने अहंकार छोड़कर झुकना सिखाती है।

## सितारों की बात

सप्ताह का राशिफल दिनांक 22 फरवरी से 28 फरवरी तक



पंडित विष्णु राजौरिया

**मेष :-** आगामी सप्ताह में मेष राशि के जातकों को अपने स्वस्थ के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है, उनके स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है। भाग दौड़ एवं अनावश्यक परिश्रम से बचे । मेष राशि की महिलाएं चोट चपेट के प्रति सजग रहे

**वृषभ :-** कार्यो की अधिकता रहेगी, सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले वृषभ राशि के जातक अपने वाणी व्यवहार पर नियंत्रण रखें। प्रबुद्ध जानो से संपर्क स्थापित होगा, राजकाज के कार्यो में कोई विशेष उपलब्धि प्राप्त होगी, सम्मान एवं प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मिथुन :-** मिथुन राशि के जातक आगामी सप्ताह में किसी विशेष चिंता से ग्रसित रह सकते है , अतः बड़ो से वरिष्ठ जानो से सलाह लेकर कार्यो को आगे बढ़ाए। व्यवसायिक क्षेत्रो में प्रगति के लिए सहयोगी जनो के बीच मे सामंजस्य बना के रखे ।

**कर्क :-** कर्क राशि के जातकों को आगामी सप्ताह में संतति से संबंधित कार्यो में समय और धन देने की आवश्यकता रहेगी अन्यथा घर परिवार का वातावरण आपको परेशानी में डाल सकता है ।परिजनों के प्रति सामंजस्य का भाव रखे एवं मेल जोल बना कर रखे।

**सिंह :-** सिंह राशि के जातक आगामी सप्ताह में मानसिक , शारीरिक एवं आर्थिक कष्ट की संभावना बनी हुई है विशेष रूप से 50-60 से अधिक आयु के जातक अपने कार्यो में सावधानी रखें, व्यापारिक कार्यो में लेन देन के प्रति सजगता रखे वाद विवाद से बचे।

**कन्या :-** कन्या राशि के जातकों को यह सप्ताह उत्तम सफलता देनें वाला सिद्ध होगा, व्यापार व्यवसाय में उन्नति होगी, प्रिय जनो से मिलने का अवसर प्राप्त होगा एवं निरन्तर उन्नति की ओर अग्रसर होंगे। कला के क्षेत्र में कार्य करने वाले जातकों को उत्तम आर्थिक उपलब्धि होगी।

**तुला :-** तुला राशि के जातकों को अपने कार्य क्षेत्र में उत्तम सफलता प्राप्त होगी, कोर्ट- कचहरी मुकदमा संबंधी कार्यो में विजय, भवन भूमि संबंधी कार्य सम्पन्न होने से प्रसन्नता का भाव रहेगा।

**वृश्चिक :-** वृश्चिक राशि के जातक आगामी सप्ताह में अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करने में सफलता प्राप्त कर सकते है, साथ ही व्यापार व्यवसाय एवं राजनीतिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी

**धनु :-** धनु राशि के जातकों को आगामी सप्ताह में विशेष सावधानी की आवश्यकता रहेगी, अत्यधिक काम का बोझ रह सकता है , संयम से ओर वाणी पर नियंत्रण रखने से अपने कार्यो को सफलता पूर्वक कर सकते है, स्वस्थ कर प्रति सजग रहे।

**मकर :-** मकर राशि के जातक आगामी सप्ताह में आर्थिक कार्यो यात्रा निवेश में सावधानी रखें, लेन देन के प्रति विशेष सजग रहे आप धोखा धड़ी का शिकार हो सकते है, घर परिवार में किसी बुजुर्ग के स्वस्थ के प्रति चिंता हो सकती है।

**कुम्भ :-** कुम्भ राशि के जातक को आगामी सप्ताह में अपने कार्यो से संबंधित यात्राएं करनी पड़ सकती है, संतान की और से कोई सुखद समाचार प्राप्त होगा , भूमि संबंधी कार्यो में सफलता प्राप्त होगी।

**मीन :-** मीन राशि के जातकों को आगामी सप्ताह में व्यर्थ की चिंता एवं तनाव रह सकता है, अत्यधिक मानसिक एवं शारीरिक परिश्रम से बचे। खानपान सम्बंधी विषयों में विशेष सावधानी बरतनी होगी।

## दिया कबीरा रोय

# गलघोंटिया का कुत्ता और अफ़ज़ल मियां की तक़लीफ

सुधीर नायक
व्यंग्यकार-ट्रेड यूनियन लीडर



**अफ़ज़ल** मियां को तकलीफ़ इस बात की है कि गलघोंटिया वाले उनसे क्यों नहीं मिले? (कितना भी टोको,अफ़ज़ल मियां के मुंह से गलघोंटिया ही निकलता है)

कल नूरमहल पर मिल गये। बोले-अरे,खां,पंडित जी ये गलघोंटिया वाले अपनी वर्कशॉप पर आ जाते तो मुल्क की इतनी बेइज्जती न होती। बताओ,खां,एक कुत्ते ने रायता फैला दिया। कुत्ते के चक्कर में पूरे हिन्दुस्तान को नीचा देखना पड़ रिया है। थू थू हो री है, खां। घर से नईं निकल पा रिये। और मियां, देखिए खुदा की मार, कुत्ता भी हक़ीक़त का नहीं। खिलौने वाला। मेरे रहते मुल्क को ये दिन देखने पड़ रिये हैं। मुझे अफसोस हो रिया है, खां। मैं तो कै रिया हूं कि मुझे जर्रा सी खबर तो कर देते। एक मिस कॉल ही मार देते। आपको तो मालूम है, अपुन उस कुत्ते का वो हुलिया बदल देते कि किसी का बाप नहीं पकड़ पाता कि ये चीनी आइटम है। मैं दावे से कै रिया हूं मियां कि खुद मिचमिचे चीनी सलाम ठोककर न जाते तो अपुन का नाम अफ़ज़ल मैकेनिक नहीं। आपने तो देखी थी, वो कोह-ए-फिज़ा वाले कर्नल साब की गाड़ी का नक्शा अपुन ने कैसा बदला था। गाड़ी नयी थी। आते ही एक्सीडेंट खा गयी। कर्नल साब को यक़ीन नईं आ रिया था। उनकी तो कबाड़खाने में बात भी हो गई थी। वो तो अपना मुन्नन ले आया। अरे वही मुन्नन चिकना। अपुन ने वो लुक दिया कि एंटीक आइटम वाले उनके घर पहुंचने लगे। कर्नल साब अभी भी निकलते हैं उस गाड़ी में।लोग सेकंड वर्ल्ड वॉर की गाड़ी समझ रिये हैं। अपुन उस कुत्ते पर भी खेल दिखा देते। अपुन का नाम होता और लोग मान जाते भोपाली मैकेनिकों को। ये तो, खां, हम भी मान रिये हैं कि असल अब बचा कहां हैं? हर जगह नक़ल का ही पसारा है। अब तो, मियां, डिलीवरी भी असल तरीके से नहीं होती। बच्चों की पैदाइश ही नक़ल से होती है। पर नक़ल का भी हुनर होता है, मियां। ऐसा थोड़े ही है कि मूं उठाया और नक़ल करने पहुंच गिये।बेवकूफी तो देखो खां, कुत्ते की चिप्पी तक नहीं निकाली। वही चीन वाली चिप्पी लगी रहने दी।ये क्या तालीम देंगे बच्चों को मुझे तो लगता है,कपड़ा तक नहीं मारा। जैसा डिब्बे से निकला वैसा का वैसा उठाकर रख दिया। कसम खुदा की, मुझसे कहते तो मैं आगे दो सींग लगा देता। पूंछ सीधी कर देता और लंबान बढ़ा देता। लो,खां,उम्दा दिखलोट गाय बन गई। हमारे मामू के लड़के ने इसी का काम डाला है। उससे बोल देता तो वह सींगों में सेंसर लगा देता। पास जाते तो गाय सींग हिलाती। लोग पास जा जाकर मज़े लेते।बच्चे तो खां टूट पड़ते। ऊपर से भन्नाट चितकबरा कलर मार देता। अपनी इंडिया की चिप्पी चिपका देता।समझा करे, नुमाइश में गाय रखी जाती तो उसकी अलग इज़्ज़त होती। बड़े तुर्रम बनते हैं। इनके दिमाग तो देखो।इतनी आला नुमाइश में तुम कुत्ता रख रिये हो, खां। कुत्ता रखोगे तो कुत्ताघसीटी ही होगी। वही हुआ, खां। मुल्क की बात थी, मैं बाहर से शटर गिरा देता और दो दिन में काम निपटा देता। और, खां, मैं अपने लिए कुछ नहीं लेता। बस इन लड़कों का मेहनताना भर लेता। अपुन को तो यही तसल्ली रहती कि अपना हुनर मुल्क के काम आया। भोपाल तक लाने में कोई पेंच फंस रिया था तो मैं तो, खां, दिल्ली में जाकर भी कर देता। अपने खालू के भतीजे के साले हैं सदर बाजार में।बड़ा कारोबार है उनका।लड़कों को दिल्ली ले जाता और उनकी दुकान पे बैठकर करवा देता। पर, खां, अपने देस में यही तो चल रिया है। घर की मुर्गी दाल बराबर। देसी हुनर को कोई पूछ नईं रिया है। सब इन भूरे विदेशियों के पीछे लपक रिये हैं। लो, अब, कराओ इज़्ज़त का पंचनामा।



## यूजर्स अलर्ट

# स्कैमर्स चला रहे हैं गूगल जैमिनी, स्मार्टफोन से चुरा सकते हैं आपकी जरूरी जानकारी

क्या आपने कभी सोचा है कि आपकी तरह स्कैमर्स भी गूगल जेमिनी का इस्तेमाल करके आपको अपना निशाना बना सकते हैं। एंटीवायरस बनाने वाली कंपनी ESET के रिसर्चर्स ने PromptSpy नाम का एक नया एंड्रॉयड मैलवेयर खाजा है। चौंकाने वाली बात तो यह है कि मैलवेयर यूजर्स को मैनिपुलेट करने के लिए गूगल जेमिनी का इस्तेमाल करता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ट्रेडिशनल मैलवेयर हार्ड कोडेड इंस्ट्रक्शन पर निर्भर करता है। PromptSpy पहला ऐसा एंड्रॉयड मैलवेयर है, जो जेनरेटिव AI का इस्तेमाल करता है। आइये, इस नए मैलवेयर के बारे में डिटेल में जानते हैं और इससे बचने का तरीका भी बताते हैं।

एंड्रॉयड मैलवेयर ऐड फ्रॉड के लिए स्क्रीनशॉट को एनालाइज करते हैं और इस तरह के काम करने के लिए वे मशीन लर्निंग मॉडल का इस्तेमाल करते हैं। श्वस्श्वज्ञ का कहना है कि PrompySpy आपकी स्क्रीन की जानकारी पाने के लिए Gemini का इस्तेमाल करते हैं। वे स्क्रीन की जानकारी जेमिनी को भेजता है और AI चैटबॉट से पूछता है कि आगे क्या करना है।

**कैसे काम करता है मैलवेयर?:** रिसर्चर्स का कहना है कि इस तरह मैलवेयर अलग-अलग एंड्रॉयड डिवाइस और इंटरफेस के हिसाब से काम करता है। वे अब पहले से लिखी गई स्क्रिप्ट पर निर्भर नहीं रहते हैं। पहले इस्तेमाल किए जाने वाले तरीके कुछ ही डिवाइस पर काम करते थे, लेकिन अब जेमिनी के जरिए स्कैमर्स अलग-अलग डिवाइस के पैटर्न को समझ लेते हैं और जेमिनी से आगे बढ़ने की प्रक्रिया भी पूछ लेते हैं। एंड्रॉयड




डिवाइस में एक ऐसा फीचर होता है, जिससे यूजर ऐप्स को 'लॉक' या 'पिन' कर सकते हैं ताकि जब आप सभी ऐप्स को बैकग्राउंड से हटाएंगे तो वे मेमोरी से साफ ना हों। हालांकि, अलग-अलग कंपनियों के फोन्स में यह विभिन्न तरह से काम करता है।

**एंड्रॉयड की सर्विस का इस्तेमाल:** इसके बाद गूगल का AI चैटबॉट JSON में किसी ऐप को लॉक या पिन करने के निर्देश भेजकर जवाब देता है। फिर PromptSpy एंड्रॉयड की एक्सेसिबिलिटी सर्विस का इस्तेमाल करके यह काम करता है। Google का सुझाव है कि यूजर्स को अपने डिवाइस पर प्ले प्रोटेक्ट चालू करना चाहिए, क्योंकि यह सिक्योरिटी फीचर उनके डिवाइस को मैलवेयर से इन्फेक्ट होने से बचाने में मदद कर सकता है।

## न्यूज विंडो

### कोटपा एक्ट के तहत 316 लोगों पर सख्ती, वसूला 63,200 का जुर्माना



**नर्मदापुरम।** जिले में सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003÷ (कोटपा) के तहत विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा भापुसे के निर्देश पर थाना प्रभारियों और अनुभागीय अधिकारियों ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, मंदिर जैसे स्थानों पर छापेमारी की। कुल 316 प्रकरण दर्ज कर 63,200 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। साथ ही अवैध बिक्री और भंडारण की भी जांच की गई। कोटपा एक्ट सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, तंबाकू विज्ञापन, 18 साल से कम उम्र वालों को बिक्री और शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में बिक्री पर रोक लगाता है। उल्लंघन पर 200 से 10,000 रुपये तक जुर्माना और कानूनी कार्रवाई होती है। एसपी साईं कृष्णा के मार्गदर्शन और एएसपी अभिषेक राजन के निर्देशन में यह अभियान सफल रहा।

### रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित लॉज में पुलिस की दबिश, मिले युवक-युवती



**गंजबासौदा।** आगामी त्योहारों को देखते हुए शहर थाना पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत शनिवार को रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित सुहाग लॉज में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लॉज के कमरों की जांच की, जहां कुछ युवक-युवतियां पाए गए। सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस ने मौके पर ही संबंधित युवक-युवतियों से पूछताछ की। इस बीच कार्रवाई की खबर फैलते ही रेलवे स्टेशन गली में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए, जिससे कुछ समय के लिए भीड़ की स्थिति बन गई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए जांच प्रक्रिया जारी रखी। शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर शहर के सभी होटल एवं लॉज की नियमित रूप से जांच की जा रही है। इसी क्रम में उक्त लॉज की जांच की गई थी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से वहां ठहरे लोगों से आवश्यक जानकारी ली जा रही है। एसडीओपी शिखा भलावी ने बताया कि जांच के दौरान मिले सभी युवक-युवतियां बालिग पाए गए हैं। उनसे पूछताछ कर आवश्यक जानकारी ली है। मामले में तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

झिगरी बयड़ी में आयोजित मृत्यु भोज कार्यक्रम में शामिल होने आए थे लोग

# मधुमक्खियों के हमले से एक की मौत 21 लोग गंभीर रूप से हुए घायल



**कुक्षी। दोपहर मेट्रो**

जिले के डेहरी क्षेत्र के ग्राम झिगरी बयड़ी में शनिवार को मृत्यु भोज कार्यक्रम में शामिल होने आए ग्रामीणों पर मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले से भगदड़ मच गई और करीब 21 लोग बुरी तरह घायल हो गए। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम डेहरी के झिगरी बयड़ी में एक परिवार द्वारा मृत्यु भोज का आयोजन किया गया था। बड़ी संख्या में रिश्तेदार और ग्रामीण भोजन के लिए एकत्रित हुए थे। इसी दौरान अज्ञात कारणों से



मधुमक्खियां भड़क गईं और वहां मौजूद लोगों पर टूट पड़ीं। अचानक हुए इस हमले से कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे, लेकिन मधुमक्खियों ने उन्हें बुरी तरह काट लिया। इस हमले में हुसैन पिता गुलाब निवासी गातला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की। हादसे में 20 से अधिक लोगों को मधुमक्खी के डंक लगे हैं। 5 गंभीर घायलों को बाग के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि शेष घायलों का प्राथमिक उपचार डेहरी में ही चल रहा है।

जिले में कलेक्टर के निर्देश पर चलाया व्यापक अभियान

# रेत के अवैध खनन पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई कर किए 10 से ज्यादा वाहन जब्त



**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

जिले में रेत और अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर एसडीएम, खनिज व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें सक्रिय हैं। गत सप्ताह में ओवरलोड वाहनों पर नकेल कसते हुए 10 से अधिक ट्रक, डंपर व ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गईं। सिवनी मालवा में एसडीएम विजय राय के नेतृत्व में ग्राम बाबरी से चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रेत के अवैध परिवहन में पकड़ी गईं, जिन्हें शिवपुर व सिवनी मालवा थानों में खड़ा किया गया। रात्रि अभियान में एक ट्रक व चार डंपर भी जब्त हुए। नर्मदापुरम में जासलपुर रोड व रायपुर रेत खदान पर माइनिंग, राजस्व व आरटीओ टीमों ने ओवरलोडिंग पर कार्रवाई की, जहां अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे भी मौजूद रहे। तहसील बनखेड़ी व पिपरिया में एक-एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई। सोहागपुर में एसडीएम राजस्व प्रियंका भलावी की अगुवाई में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त कर थाना सोहागपुर में रखी गईं। गिट्टी के अवैध परिवहन पर भी नकेल कसी गई।प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध खनन बर्दाश्त नहीं होगा। सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### विधानसभा चलो का दिया नारा

रेत ट्रक ओनर्स एसोसिएशन ने प्रमुख सचिव के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर को सौपेंगे। ज्ञापन के माध्यम से रेत ट्रक ओनर्स ने अनियमितताओं की शिकायत की है। सड़क पर उतरे रेत ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विधानसभा चलो का नारा दिया, रेत ट्रक ओनर्स एसोसिएशन ने उक्त ज्ञापन कि एक प्रति एसोसिएशन ने रेत ठेका कंपनी के मैंनेजर को सौंपी है। एसोसिएशन ने वाकायदा बैनर हाथ में लेकर रेत ठेका कंपनी के कार्यालय पहुँचे, बैनरों पर लिखा था चलो विधानसभा, रेत ट्रक मालिक संघ कि ओर से वैध रायल्टी, वैध परिवहन, न्याय की मांग। एसोसिएशन का कहना है कि नर्मदापुरम जिले में वैध रायल्टी पर्ची के बावजूद 12 टायर डंपरों को रोका जा रहा है और अवैध परिवहन के केस दर्ज हो रहे हैं। इससे वाहन मालिकों, चालकों और निर्माण कार्यों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। पत्र में उल्लेख है कि ट्रैक्टर बिना रायल्टी या वैध अनुमति के व्यावसायिक रेत परिवहन कर रहे हैं, जबकि इनका पंजीकरण कृषि कार्य के लिए है। इससे शासन को राजस्व हानि और वैध डंपरों के साथ भेदभाव हो रहा है। एसोसिएशन ने मांग की है कि वैध डंपरों की मात्रा जांच की जाए, दर्ज केसों की निष्पक्ष जांच हो, अवैध ट्रैक्टरों पर विशेष अभियान चले और पुलिस वैध वाहनों को न रोके। एसोसिएशन कि मांग है कि रोके गए डंपरों की जांच खनिज निरीक्षक द्वारा पंचनामा बनाकर हो ।दर्ज प्रकरणों का उच्च स्तरीय निराकरण सुनिश्चित हो ।अवैध ट्रैक्टरों पर सख्त कार्रवाई हो। पुलिस द्वारा वैध गाड़ियों को न रोका जाए ।एसोसिएशन ने निष्पक्ष जांच और भविष्य में ऐसी कार्यवाही रोकने के निर्देश की मांग की है।

# वाहन जांच अभियान तेज: सीटबेल्ट और बिना हेलमेट वाहन न चलाने की दी हिदायत

**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को बरीघाट रोड पर यातायात पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों को रोककर चालकों से पूछताछ की गई तथा वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई।



यातायात पुलिस निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना और यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने की सख्त हिदायत दी। निरीक्षक लोधी ने कहा कि बिना वैध दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र के वाहन चलाना दंडनीय अपराध है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों की अवहेलना करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी। पुलिस ने नागरिकों से सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन की अपील की है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

लेमनग्रास तेल निर्यात इकाई में श्रम कानूनों की अनदेखी के आरोप

# 467 की जगह 200 रुपए दिहाड़ी देने का मामला गर्माया

**अनूपपुर। दोपहर मेट्रो**

जिले के औद्योगिक क्षेत्र में संचालित लेमनग्रास एवं अन्य वनस्पतियों से तेल निष्कर्षण करने वाली एक निर्यात इकाई पर श्रम कानूनों और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय सूत्रों और श्रमिकों के अनुसार इकाई में उत्पादित तेल को विदेशों में निर्यात किया जा रहा है, लेकिन यहां कार्यरत ब्वॉयलर ऑपरेटर और अन्य दिहाड़ी मजदूरों को निर्धारित न्यूनतम वेतन से काफी कम भुगतान किया जा रहा है।

मजदूरों का आरोप है कि जहां शासन द्वारा अधिसूचित दिहाड़ी 467 रुपये प्रतिदिन है, वहीं उन्हें केवल 200 से 250 रुपये तक का भुगतान किया जा रहा है। श्रमिकों का कहना है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है और कई बार मौखिक शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ब्वॉयलर जैसे संवेदनशील कार्य में लगे मजदूरों का कहना है कि कम वेतन के साथ-साथ कार्य की प्रकृति भी जोखिमपूर्ण है, लेकिन उनके हितों की अनदेखी की जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह कई श्रम कानूनों का उल्लंघन हो सकता है। सबसे पहले Minimum Wages Act, 1948 तथा इसके स्थान पर लागू Code on Wages, 2019 के तहत राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम भुगतान करना दंडनीय अपराध है। इस कानून के अंतर्गत न केवल बकाया वेतन की वसूली का प्रावधान है, बल्कि दोषी पाए जाने पर नियोक्ता पर आर्थिक दंड और अन्य दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

इसके अतिरिक्त Payment of Wages Act, 1936 के अनुसार मजदूरों को समय पर और पूर्ण वेतन का भुगतान अनिवार्य है। वेतन में अवैध कटौती या निर्धारित दर से कम भुगतान करना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। यदि किसी कर्मचारी को उसके कार्य के अनुरूप भुगतान नहीं दिया जा रहा है, तो वह श्रम विभाग में शिकायत दर्ज कर सकता है।

### निर्यात और जिम्मेदारी

सूत्रों का कहना है कि इकाई में तैयार लेमनग्रास तेल और अन्य उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात किया जा रहा है। निर्यात से होने वाली आय के बावजूद मजदूरों को न्यूनतम वेतन से कम भुगतान किए जाने के आरोप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। श्रमिकों का कहना है कि उत्पादन और निर्यात का लाभ प्रबंधन को मिल रहा है, जबकि मेहनतकश मजदूर आर्थिक असुरक्षा में जीवन यापन कर रहे हैं। स्थानीय सामाजिक संगठनों और श्रमिक प्रतिनिधियों ने श्रम विभाग से इस पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है।

### प्रशासन की भूमिका अहम

औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार सृजन के साथ-साथ श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। ऐसे मामलों में पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच अत्यंत आवश्यक है, ताकि न केवल श्रमिकों को न्याय मिल सके बल्कि उद्योग जगत में भी कानून के पालन की स्पष्ट संदेश जाए। फिलहाल श्रमिकों की निगाहें श्रम विभाग और जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि आरोप प्रमाणित होते हैं तो यह मामला औद्योगिक क्षेत्र में श्रम अधिकारों को लेकर एक महत्वपूर्ण उदाहरण बन सकता है।

# हादसे में घायल युवक की मौत

**मंडीदीप। दोपहर मेट्रो**

औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप में ऑटो चालकों की बेलगाम रफ्तार और लापरवाही एक बार फिर काल बन गई। जिलेटिन चौराहे पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में घायल 24 वर्षीय युवक विकास चौहान की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह पिछले सात दिनों से एम्स अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा था। जानकारी के मुताबिक गत दिनों विकास चौहान (पिता सीताराम चौहान), निवासी मधुबन कॉलोनी मंडीदीप, अपने साथी उपदेश के साथ मोटरसाइकिल से अरेस्टो कंपनी में काम पर जा रहा था। जैसे ही वे जिलेटिन चौराहे पर पहुंचे, एक अनियंत्रित ऑटो चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विकास सड़क पर दूर जा गिरा और लहूलुहान हो गया। उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तत्काल एम्स भोपाल रेफर कर दिया। एम्स में विकास को 7 दिनों तक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और उसे मृत घोषित कर दिया गया।



विकास मात्र 24 वर्ष का था और अपने परिवार का सहारा था। इस घटना के बाद से विकास के परिजनों और क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। स्थानीय निवासियों ने औद्योगिक क्षेत्र में अनियंत्रित तरीके से चलने वाले ऑटो और यातायात व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठेपुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और टक्कर मारने वाले ऑटो चालक सलमान खान की तलाश की जा रही है।

**मेट्रो एंकर**

शहडार-झिर्री गांव के पास बाघों के मिले पग चिह्न

# ढीमरखेड़ा क्षेत्र में बाघों की मौजूदगी से दहशत, मुनादी जारी

**कटनी। दोपहर मेट्रो**

ढीमरखेड़ा क्षेत्र के शहडार और झिर्री गांव के आसपास लगातार बाघों की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। बीते कुछ दिनों से यहां नर और मादा बाघ देखे जा रहे हैं, जिससे खेतों में काम करने वाले किसानों और ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। घना जंगल होने के कारण इस इलाके में वन्य जीवों का विचरण स्वाभाविक बताया जा रहा है, लेकिन गांवों के नजदीक बाघों का आना लोगों के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। वन परिक्षेत्र के रेंजर अजय मिश्रा ने बताया कि बाघों की गतिविधियों को देखते हुए गांवों में मुनादी कराई जा रही है। लोगों से अपील की गई है कि वे अकेले जंगल या खेतों की ओर न जाएं, विशेषकर सुबह और देर शाम के समय अतिरिक्त सावधानी बरतें।



### न साझा करें बाघों की वीडियो



रेंजर ने यह भी स्पष्ट किया कि अनावश्यक रूप से बाघों के वीडियो या फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा न करें, क्योंकि इससे अफवाह फैलने की आशंका रहती है और वन्य जीवों की सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है। विभाग द्वारा बाघों की निगरानी के लिए ट्रैकिंग बढ़ाई गई है और संवेदनशील इलाकों में नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बाघों के मूवमेंट से पशुओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। वन विभाग ने आश्वासन दिया है कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जाएगी।

## न्यूज विंडो

### पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग हुए घायल, रेफर



**तेन्दूखेड़ा/तारादेही।** तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेंदूखेड़ा तारादेही मार्ग पर दोपहर करीब साढ़े 12 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। इससे दो लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई है। जानकारी अनुसार तरबर पिता कल्याण गौड़ उम्र 50 वर्ष निवासी खारी देवरी थाना तारादेही अनारी पिता कमोद गौड़ उम्र 45 वर्ष निवासी खारी देवरी थाना तारादेही दोनों घायल ग्राम खारी देवरी से तेन्दूखेड़ा की और आ रहे थे। तभी बाइक सवार समनापुर पेट्रोल पंप के आगे पहुंचे और सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन से टक्कर मारते हुए खेत में जा घुसा। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना डायल 112 एवं 108 वाहन की दी गई जहां सूचना मिलते ही तारादेही थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक तुलसीराम ठाकुर स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा भेजा गया। जहां से दोनों को गंभीर चोटे आने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं हादसे के बाद पिकअप वाहन का चालक मौके से भाग निकला है। घटना के संबंध में प्रधान आरक्षक तुलसीराम ठाकुर ने बताया कि घटना दोपहर में हुई है जिसमें दो लोग घायल हुए हैं जिन्हें जबलपुर रेफर किया गया है पुलिस द्वारा वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### कुक्षी में निम्बोल गोट फार्म से 9 बकरियां चोरी, सायरन बजते ही भागे बदमाश



**कुक्षी।** ग्राम निम्बोल स्थित भारती गोट फार्म में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने लाखों रुपये की बकरियां चोरी कर लीं। हालांकि फार्म में लगे सीसीटीवी के कारण बड़ी वारदात टल गई। सायरन बजते ही बदमाश मौके से भाग निकले। फरियादी जितेंद्र पिता सीताराम पाटीदार निवासी निम्बोल के भारती गोट फार्म को बदमाशों ने निशाना बनाया। चोरों ने पहले बाउंड्रीवाल की तार फेंसिंग काटी और फिर दरवाजे को धक्का देकर भीतर दाखिल हुए। बदमाश फार्म के अंदर से 2 बकरे और 7 बकरियां चोरी करने में सफल रहे, जिनकी कुल कीमत लगभग 95 हजार रुपये बताई जा रही है। फार्म में लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों की पूरी हरकत कैद हुई है। फुटेज में देखा गया कि जैसे ही चोरों ने प्रवेश किया, बाड़े में मौजूद बकरियां चौकन्ना हो गईं। चोर काफी देर तक फार्म में घूमते रहे, लेकिन इसी बीच सुरक्षा के लिए लगा सायरन अचानक बज उठा। तेज आवाज सुनते ही बदमाश वहां से भाग खड़े गए। फरियादी जितेंद्र पाटीदार की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुलिए और भागने के रास्तों की तस्दीक कर रही है।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में सागर ननि प्रदेश में प्रथम

**सागर।** नगर निगम सागर ने सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 99.74 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड प्राप्त कर मध्यप्रदेश के 16 नगर निगमों में प्रथम स्थान हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्रतिमाह मध्यप्रदेश के 16 नगर निगमों में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया जाता है। इस मूल्यांकन में सागर नगर निगम ने शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण के आधार पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित किया। नियमित मॉनिटरिंग से मिली सफलता-नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों की निरंतर समीक्षा एवं मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि नागरिकों की शिकायतों का समय-सीमा में स्थल पर पहुंचकर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रभावी कार्यप्रणाली के कारण नगर निगम ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। नगर निगम आयुक्त खत्री ने इस उपलब्धि पर सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर संतोषजनक निराकरण ही इस सफलता का मुख्य कारण है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते हुए नगर निगम की प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ करने की अपेक्षा व्यक्त की।

### प्रसूति वार्ड के शौचालय चोक, फैली गंदगी, महिलाएं हो रहीं परेशान



**सागर/बीना।** सिविल अस्पताल के प्रसूति वार्ड के शौचालय लंबे समय से चोक हैं, जिससे गंदगी पसरी हुई है, लेकिन अभी तक प्रबंधन समस्या का समाधान नहीं करा पाया है। इसके विरोध में पार्षद बीडी रजक द्वारा आज एक दिन का उपवास किया जाएगा। अस्पताल परिसर में तीन मंजिला प्रसूति भवन बनाया गया है, लेकिन साफ-सफाई न होने से भर्ती महिलाएं और परिजन परेशान हैं। शौचालय पिछले कुछ महीनों से चोक हैं, लेकिन उन्हें सही नहीं किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि इस संबंध में नगर पालिका को कई पत्र लिखे जा चुके हैं, लेकिन सफाई नहीं की गई है। सफाई न होने से शौचालयों में गंदगी पसरी है और बदबू के कारण वहां खड़े होना भी मुश्किल है। कुछ दिनों पूर्व अस्पताल में सफाई अभियान भी चलाया गया था, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। वार्ड में भर्ती महिलाओं ने बताया कि शौचालय बंद होने से वह परेशान हैं। अस्पताल परिसर का सुलभ शौचालय भी चालू नहीं हुआ है। अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए आए दिन वरिष्ठ अधिकारी आते हैं और साफ-सफाई रखने के आदेश दिए जाते हैं, लेकिन इन आदेशों का भी कोई असर नहीं दिखता है। वार्ड सहित परिसर में भी गंदगी फैली रहती है।

### भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस कार्यालय का किया घेराव, फूंका पुतला

# दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता आमने-सामने, हुई झड़प, पुलिस ने किया वॉटर केनन का उपयोग

**सागर। दोपहर मेट्रो**

भारत मंडपम में आयोजित प्रतिष्ठित एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के विरोध में भाजपा, युवा मोर्चा ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता भी सामने आ गए। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई। पुलिस ने वॉटर केनन इस्तेमाल किया।

कांग्रेस कार्यालय के सामने विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी,कार्यकर्त्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान जमकर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। विरोध प्रदर्शन के पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट जैसे राष्ट्रीय महत्व के मंच पर, जहां पूरा विश्व भारत की तकनीकी शक्ति का लोहा मान रहा है, वहां राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा की गई अराजकता उनकी देशविरोधी मानसिकता को उजागर करती है। यह साफ दर्शाता है कि देश-विदेश में भारत की छवि को धूमिल करना ही राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का एकमात्र एजेंडा रह गया है।



### सत्ता की ललक में देश की साख को दांव पर लगा रही कांग्रेस : जैन

विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत मंडपम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एआई इम्पैक्ट समिट में विश्व के 21 देशों के प्रतिनिधि और दिग्गज हस्तियां भारत की तकनीकी प्रगति देखने आए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था को ताक पर रखकर जो शर्मनाक प्रदर्शन किया, उसने वैश्विक पटल पर हमारे देश के सम्मान और गौरव को गहरी चोट पहुँचाई है। प्रदर्शन में शैलेष केसरवानी,जगन्नाथ गुरैया, लक्ष्मण सिंह,रामेश्वर नामदेव, चैन सिंह ठाकुर, अमित बैसखिया, विक्रम सोनी,आलोक केसरवानी,मनीष चौबे,अंशुल हर्शे सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

### कांग्रेसी बोले-मंत्री ने हदें पार कीं

कांग्रेस शहर अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि भाजपा को महसूस होने लगा है कि वह विपक्ष की भूमिका में बहुत जल्द आने वाले है। सत्ता होने के बाद भी जनप्रतिनिधियों के ऐसे आयोजनों में उपस्थिति होना दर्शाता है कि वह हताश हो चुके हैं और विपक्ष की भूमिका निभाने की तैयारी में वह लग गए हैं। भाजपा की ओछी हरकत पर कांग्रेस कार्यालय के पास भाजपा का पुतला दहन किया। पूर्व सांसद डॉ. आनंद अहिरवार ने कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपनी हदें पार कर दी हैं। जिस तरीके से वह भाषा शैली का इस्तेमाल कर रहे हैं उन्हें पद से हटा देना चाहिए। इस दौरान रेखा चौधरी, बाबू सिंह यादव, सुरेंद्र सुहाने, चक्रेश सिंघई, सिंटू कटारे ,शिव शंकर, गुड्डू यादव, शरद पुरोहित, राकेश राय, शैलेंद्र तोमर,वीरेंद्र राजे आदि शामिल रहे।



## वरमाला के वक्त रील बनाने को लेकर शादी में बवाल, घराती-बाराती भिड़े

**सतना। दोपहर मेट्रो**

शादियों में रील बनाने का चलन इन दिनों जोरों पर है लेकिन प्रदेश के सतना जिले में रील बनाने को लेकर एक शादी में जमकर बवाल हो गया। घटना सतना जिले के उचेहरा कस्बे की है जहां शादी के दौरान दूल्हे के दोस्त और रिश्तेदार रील बना रहे थे जिसके कारण शादी की रस्मों में व्यवधान हो रहा था। जब दुल्हन के मामा ने रील बनाने वाले बारातियों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने विवाद कर मारपीट कर दी, जिससे बाराती-घराती दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई।

सतना की टपरिया बस्ती से भूपेंद्र नामक युवक की बारात उचेहरा आई थी। देर रात वरमाला की रस्म चल रही थी, तभी मंडप के बगल में कुछ बाराती नाचते हुए वीडियो रील बना रहे थे। इसके कारण वरमाला की रस्म में हो रही देरी के कारण दुल्हन के मामा ने आपत्ति जताई और रील बनाने वाले बारातियों से कहा कि रील बनाना बंद कर दें वरमाला की रस्म में व्यवधान हो रहा है। इसी बात पर दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे। इस दौरान बाराती किशन वंशकार पर किसी ने हंसिये से वार कर दिया।

हंसिया लगने से गंभीर घायल किशन को दूल्हे के रिश्तेदार तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। इसी बीच शादी में विवाद की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों के चार-पांच लोग घायल हुए हैं, लेकिन एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। घायल को पहले जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। घटना के बाद शादी की रस्में अधूरी रह गईं और बारात रात में ही लौट गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तेजगढ़ बस स्टैंड पर सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दो गंभीर

**तेंदूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**



थाना तेजगढ़ क्षेत्र अंतर्गत देसी शराब दुकान के सामने एक भीषण सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मृतक का नाम रतन सिंह पिता उजियार सिंह, उम्र लगभग 35 वर्ष, निवासी उमरघाट सागोनी कला, चौकी इमलिया, थाना तेजगढ़ है। घायलों में टैक सिंह पिता कोदू सिंह, निवासी भेसखार, थाना नोहटा तथा बहादुर सिंह, निवासी चिरई मनका शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल टैक सिंह को प्राथमिक उपचार के उपरांत जबलपुर रेफर किया गया है। बहादुर सिंह का उपचार जारी है।

बताया गया है कि उक्त व्यक्ति ढोल, मृदंग, बांसुरी वादन एवं नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत करने का कार्य करते थे। वे सभी तेजगढ़ थाना क्षेत्र की सुनवाही पंचायत के टपरिया गांव में आयोजित एक विवाह समारोह में सम्मिलित होने आए थे, जहां उनका सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तावित था। जानकारी के अनुसार घुटरिया थाना तेंदूखेड़ा से बारात टपरिया गांव आई थी। कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत वे वापस लौट रहे थे, तभी देसी शराब दुकान के सामने उनकी मोटरसाइकिल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे हादसा हो गया।

टक्कर के बाद तीनों युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़े रहे। सूचना मिलने पर तेजगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को जिला अस्पताल दमोह भेजा गया, जहां उपचार के दौरान रतन सिंह ने दम तोड़ दिया। अन्य घायल टेक सिंह एवं एक अन्य युवक का जिला अस्पताल में उपचार जारी है, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### युवा कांग्रेस की जिला कार्यसमिति की बैठक में लिया निर्णय

## सरकार के खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे - चौहान

**धार। दोपहर मेट्रो**

जिला युवा कांग्रेस की एक जिला कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के साथ-साथ वर्तमान सरकार की नीतियों के खिलाफ जमीनी स्तर पर मोर्चा खोलने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से धार जिला प्रभारी शिविसिंह चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह दादू, प्रदेश महासचिव संजय पटेल, प्रदेश सचिव प्रतीक जैन और कुणाल सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी शिविसिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के तानाशाही रवैये के खिलाफ युवा कांग्रेस की भूमिका सबसे अहम रहने वाली है। उन्होंने स्पष्ट किया किया कि आगामी चलो पंचायत, चलो वार्ड कार्यक्रम के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। युवाओं को मैदान में उतरकर जनता के हक की लड़ाई मजबूती से लड़नी होगी। जनविरोधी नीतियों को उजागर करने के लिए हर गांव और हर वार्ड में संपर्क अभियान चलाया जाएगा।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। बैठक में जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने हिस्सा लेकर अपने-अपने क्षेत्र की कार्ययोजना साझा की। बैठक में सोलंकी, राहुल डोगले, प्रदेश सह सचिव हरदेव सिंह जाट, राधेश्याम मुवेल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीति माहेश्वरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जसबीर सिंह छाबड़ा, जिलाध्यक्ष रोहित कामदार, राजेश पटेल, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव राहुल डोंगले, जिला उपाध्यक्ष अनूप चौधरी, जिला महामंत्री अयाज खान, जिला महामंत्री कृष्ण पाटीदार, विधानसभा अध्यक्ष जीतू बाबा चौहान, धरमपुरी दीपक उपाध्याय, मनावर विधानसभा संग्राम चिखली, सरदारपुर दिनेश चौधरी, गंधवानी बबलू, शकील खान, कृष्णा सुजान सहित जिला युवा कांग्रेस के ब्लॉक, नगर एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## सूने मकान से बाइक सहित अन्य सामान चुरा ले गए चोर

**कोतमा। दोपहर मेट्रो**

कोतमा थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरों ने सक्रियता दिखाते हुए बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वार्ड क्रमांक 5 पुरानी बस्ती स्थित सीताशरण शर्मा के सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोर मोटरसाइकिल सहित घर का कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीताशरण शर्मा किसी निजी कार्य से बनारस गए हुए थे। इसी दौरान सूने मकान का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां खड़ी मोटरसाइकिल सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। बताया जा रहा है कि चोरी की यह घटना देर रात हुई, लेकिन अगल-बगल के निवासियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह जब आसपास के लोगों ने घर का दरवाजा टूटा हुआ देखा तो घटना की जानकारी सामने आई, जिसके बाद तुरंत परिजनों एवं पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब से रक्तांबर शुक्ला ने थाना प्रभारी के रूप में पदभार संभाला था, तब से क्षेत्र में चोरी, राहजनी एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों में काफी हद तक कमी आई थी। लेकिन पिछले कुछ समय से एक बार फिर चोरी की घटनाएं सामने आने लगी हैं, जिससे लोगों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। नागरिकों ने बताया कि चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे सूने मकानों को निशाना बनाकर आसानी से वारदात को अंजाम दे रहे हैं और किसी को भनक तक नहीं लग रही। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आसपास संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

**मेट्रो एंकर**

### मालथौन में 1.92 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

## फूल-मालाएं भगवान और साधु संतों को पहनाई जाना चाहिए-भूपेंद्र सिंह

**सागर। दोपहर मेट्रो**

पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मालथौन में 1.92 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया है। फूलमालाओं से स्वागत कराने के स्थान पर जन-उपयोगी सामग्री से स्वागत कराने के अपने निर्णय पर उन्होंने जानकारी दी कि बीते 3 महीनों में स्वागत के रूप में मिली लगभग 30 लाख की सामग्री स्कूली बच्चों, जरूरतमंद महिलाओं और गरीबों में वितरित की गई है। आज भी मालथौन के कस्तूरबा गांधी व बाबू जगजीवन राम बालिका छात्रावास की 200 छात्राओं को उन्होंने लाखों रुपए की उपयोगी सामग्री भेंट की।

लोकार्पण, भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि फूल-मालाएं भगवान और साधु संतों को पहनाई जाना चाहिए। हम जनता के सेवक हैं सेवक का भाव बना रहना चाहिए। मालाएं पहनने से अभिमान का भाव आ सकता है।



उन्होंने कहा कि मालाएं नहीं पहनने की परंपरा आगे बढ़ेगी और अन्य नेता भी ऐसा निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन इसलिए ही है कि दूसरों के काम आए। उन्होंने कहा कि उनके जन्मदिन पर शुभचिंतक रक्तदान करके हजारों लोगों के प्राण बचाते हैं। ऐसे रक्तदान शिविरों से पिछले 11 साल में 17 हजार यूनिट रक्त सरकारी अस्पतालों के ब्लड बैंकों को सौंपा गया है। सागर कार्यालय में रक्त सेवा काल सेंटर संचालित है जिसके माध्यम से प्रतिदिन 5-7 जरूरतमंदों को आधे घंटे में रक्त उपलब्ध हो जाता है।

### आर्थिक प्रगति बढ़ेगी

विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि बीना नदी परियोजना तथा उल्दन बांध परियोजना के रुके हुए शेष काम को करने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 437 करोड़ स्वीकृत किए। राहतगढ़ -खुरई-खिमलासा रोड को फोर लेन के रूप में उन्नयन करने के लिए 500 करोड़ तथा बरोदिया-रजवांस क्षेत्र के 50 गांवों की बिजली समस्या के स्थायी समाधान के लिए 132 केवीए का विद्युत सबस्टेशन मुख्यमंत्री ने स्वीकृत किया जिससे इस क्षेत्र की आर्थिक प्रगति बढ़ेगी। सरकार के बजट में एक लाख किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप उपलब्ध कराने, लाड़ली बहनों को प्रतिमाह राशि देने के लिए राशि 18.66 हजार करोड़ से बढ़ाकर 24 हजार करोड़ का प्रावधान करने जैसे प्रावधान किए हैं।

# टीम इंडिया की लेफ्ट-राइट उलझन

टी20 वर्ल्ड कप का असल रोमांच यानी सुपर 8 राउंड का आगाज हो गया है।श्रीलंका की सरजमीं पर होने वाला ग्रुप 2 का पहला मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया।जिस वजह से श्रीलंका में होने वाले मैचों की शुरुआत ही अटपटे गणित से हो गयी है।वहीं अब पूरे क्रिकेट जगत की नजरें रोचक रविवार के डबल हेडर रोमांच पर हैं।आज का पहला मुकाबला ग्रुप 2 में इंग्लैंड बनाम श्रीलंका होगा,जबकि दूसरी भिड़ंत में ग्रुप 1 की वह दो टीमें एक दूसरे के सामने होंगी,जो पिछली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थीं।वैसे तो इस राउंड के सभी मैच दिलचस्प रहेंगे,लेकिन श्रीलंका में होने वाले मुकाबलों में मौसम का किरदार भी अहम रहेगा।ऐसे में भारतीय जमीन पर होने वाले ग्रुप मैचों की अहमियत ओर रोमांच ज्यादा मजेदार होगा।अब अगर हम बात आज अहमदाबाद में होने वाले इस टूर्नामेंट के सबसे बड़े मुकाबले की करें तो फिर टीम इंडियाऔर साउथ अफ्रीका के बीच की यह भिड़ंत दोनों टीमों के लिए ही काफी अहम है।वजह साफ है कि दोनों ही टीमें मौजूदा वर्ल्ड कप की सबसे बड़ी दावेदार टीम कही जा रही थी।भले ही दोनों ही टीमें ग्रुप स्टेज दौर में अपराजेय रही हैं,लेकिन सच तो यह है कि इनका यह दौर आत्मविश्लेषण के लिए अहम नजर आया है।अफ्रीकी टीम को जहां अफगानिस्तान से कठिन चुनौती मिली थी,जबकि टीम इंडिया की उलझन एसोसिएट देशों के खिलाफ उसकी लचर बल्लेबाजी दिखी है।अब इस दौर में दोनों ही टीमें के लिए यह मुकाबला आत्मविश्वास के लिहाज से बेहद अहम है।स्कोरबोर्ड के नजरिये से तो टीम इंडिया को



**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक


लीग दौर में खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा,लेकिन यह बात सभी अच्छी तरह जानते हैं कि उसकी बल्लेबाजी में लोचा दिख रहा है।वर्ल्ड कप के पहले टीम इंडिया की जो सबसे बड़ी ताकत नजर आ रही थी,वही अब कमजोरी बन कर उभरी है।यानी टीम इंडिया की बल्लेबाजी में लेफ्ट-राइट का संयोजन....पहले दौर के मैचों के बाद यही सबसे बड़ी चर्चा और चिंता का सबक बन कर उभरी है।हालांकि टीम इंडिया के गेंदबाजों और बल्लेबाजी की गहराई ने नाजुक दौर से टीम इंडिया को सभी मुकाबलों में उबार लिया,लेकिन अब इस दौर में होने वाले तथाकथित करो-मरो मुकाबलों में कोई भी चूक उसको भारी पड़ सकती है।मतलब साफ है कि अब टीम इंडिया के खिलाड़ियों के साथ टीम मैनजमेंट का किरदार भी कसौटी पर रहने वाला है।टीम इंडिया के लिए भले ही अभिषेक की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है लेकिन सच तो यह है कि उसके खेलने का तरीका यही है।तमाम जानकारों के हिसाब से ऐसा माना जा रहा है कि टीम इंडिया के लेफ्ट हैंड संयोजन और अभिषेक की कमजोरी ऑफ ब्रेक गेंदबाज हो गये हैं,लेकिन मेरे नजरिए में इस परेशानी से भी युवा बल्लेबाज जल्द उभर जायेगा।वजह यह है कि अभिषेक और तिलक बैकफुट पर भी दमदार बल्लेबाजी करने में सक्षम है।मतलब साफ है कि मौजूदा वर्ल्ड कप में तो अभिषेक की जगह सैमसन के चयन की कोई गुंजाइश नहीं है।अगर वाकई टीम इंडिया की बल्लेबाजी की उलझन लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन है तो फिर बल्लेबाजी क्रम में उठापटक कर इस कमी को ताकत भी बनाया जा सकता है।इसी वजह सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या का किरदार निर्णायक हो जाता है,वहीं निचले क्रम में शिवम दुबे अपनी उपयोगिता साबित कर ही रहे हैं।तीनों खिलाड़ियों की खूबी यह है कि इनका बैकफुट पॉवर किसी भी गेंदबाज को परेशानी में डाल सकता है।सभी जानकारों के लिहाज से भले ही टीम इंडिया के बल्लेबाजों की चर्चा ज्यादा हो रही है लेकिन मेरा मानना यह है कि टीम इंडिया को एक बात जो खतरनाक टीम ओर अब खिताब का प्रबल दावेदार बनाती है,वह है उसका गेंदबाजी आक्रमण जिसमें बुमराह और वरुण चक्रवर्ती के महत्वपूर्ण 8 ओवर शामिल हैं।इसके अलावा अक्षर पटेल और अर्शदीप का किफायती अंदाज भी टीम इंडिया की गेंदबाजी ताकत दोगनी करती है।मौजूदा वर्ल्ड कप के सभी मैचों में इन गेंदबाजों ने अभी तक निर्णायक किरदार भी निभाया है। वैसे अभी भी यह देखना दिलचस्प रहेगा कि पहले गेंदबाजी मिलने पर यह विपक्षी बल्लेबाजों को अपने जाल में उलझा पाते हैं।दरअसल वर्ल्ड कप के पहले ज्यादातर मैचों में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी और रन चेस का चलन दिख रहा था,जो अब पलट गया है।पिछले कुछ मैचों से टॉस जीतकर सभी कप्तान पहले बल्लेबाजी कर स्कोरबोर्ड प्रेशर से बचने का फार्मूला अपना रहे हैं।ऐसे में टॉस का किरदार भी इस दौर में अहम हो सकता है।

## टी-20 वर्ल्ड कप : सुपर-8 में आज होंगे दो बड़े मुकाबले

# टीम इंडिया को दक्षिण अफ्रीका देगा कड़ी चुनौती सूर्यकुमार और अभिषेक पर रहेंगी फैंस की नजरें

**अहमदाबाद, एजेंसी**

ग्रुप चरण में अपने चारों मैच जीतकर खिताब बचाने की अपनी दावेदारी को मजबूत करने वाली भारतीय टीम को टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की बड़े शॉट खेलने के बजाय स्थिर बल्लेबाजी करने की बदली हुई रणनीति की




परीक्षा होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम के पास कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन, केशव महाराज और एडन माक्रम के रूप में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है जो मौजूदा चैंपियन भारत की कड़ी परीक्षा लेने के लिए तैयार है। दोनों टीमें पिछले दो महीनों में छठी बार एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी और यह देखना बाकी है कि रविवार को कौन सी टीम परिस्थितियों का बेहतर फायदा उठाएगी। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन दो अर्धशतक और 202 का स्ट्राइक रेट को छोड़कर शीर्ष चार में शामिल अन्य तीन बल्लेबाजों ने अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। अभिषेक शर्मा लगातार तीन मैच में शून्य पर आउट हो चुके हैं, जो भारत के लिए चिंता का विषय है। सूर्यकुमार और तिलक ने हालांकि सूत्रधार की भूमिका निभाई है लेकिन इन दोनों ने ऐसी पिचों पर सहज प्रदर्शन नहीं किया है जहां गेंद रुककर आ रही हो। भारत हार्दिक पंड्या (स्ट्राइक रेट 155) और शिवम दुबे (स्ट्राइक रेट 178) पर भी काफी हद तक निर्भर रहा है। सूर्यकुमार ने अमेरिका के खिलाफ 49 गेंद पर नाबाद 84 रन की मैच विजेता पारी खेलने के बाद कोई खास कमाल नहीं दिखाया है।




### भारत क्यों है खतरनाक टीम

टीम इंडिया को जो बात भारत को एक खतरनाक टीम और उसे अब भी खिताब का प्रबल दावेदार बनाती है, वह है उसका गेंदबाजी आक्रमण जिसमें जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती के महत्वपूर्ण आठ ओवर शामिल हैं। लेकिन क्विंटन डीकॉक, मार्क्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकलेटन, डेविड मिलर और मार्को यानसन जैसे प्रतिभाशाली बल्लेबाजों के सामने पूरी गेंदबाजी इकाई को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। जहां तक टीम में बदलाव की बात है तो भारत अर्शदीप सिंह की जगह कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर की जगह अक्षर पटेल को वापस अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। जहां तक दक्षिण अफ्रीका की बात है यानसन, एनगिडी और महाराज वापसी करेंगे।

### श्रीलंका के खिलाफ पिछली श्रृंखला से प्रेरणा लेगा इंग्लैंड

पाल्लेकल। अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली इंग्लैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट से पहले श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने इसी महीने की शुरुआत में श्रीलंका को टी-20 श्रृंखला में 3-0 से हराया था। इंग्लैंड को एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था जबकि पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज से उसे हार मिली थी। सह-मेजबान श्रीलंका ने आयरलैंड और ओमान पर जीत के साथ शुरुआत की। उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उसे आठ विकेट से हराया। लेकिन गुरुवार को कोलंबो में अपने आखिरी ग्रुप मैच में जिम्बाब्वे से हारने के बाद श्रीलंकाई टीम की लय बिगड़ गई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़ने वाले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। वह इस टी20 विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

# एफआईएच प्रो लीग: भारत की वापसी की उम्मीदें टूटीं, स्पेन ने 2-0 से हराया

**होबार्ट, एजेंसी**

भारतीय टीम की एफआईएच पुरुष प्रो लीग में वापसी की उम्मीदें शनिवार को यहां स्पेन से मिली 0-2 की हार से टूट गईं। भारत अब रविवार को प्रो लीग के होबार्ट चरण के अपने दूसरे मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। भारतीय टीम की खराब फॉर्म जारी रही। स्पेन के लिए इग्नासियो अबाजो ने छठे मिनट और इग्नासियो कोबोस ने 36वें मिनट में गोल किए।

स्पेन की टीम ने मौकों का फायदा उठाया जबकि भारत लगातार आक्रमण के बावजूद अच्छे मौकों को भुना नहीं पाया। राउरकेला में घरेलू चरण में भारत को विरोधी टीमों से बुरी तरह हार मिली। बेल्जियम और अर्जेंटीना से दो-दो हार झेलने वाली भारतीय टीम विदेशी चरण के दौरान नए कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में वापसी करने और नयी शुरुआत करने की उम्मीद कर रही थी। भारत ने मैच की शुरुआत तेज पासिंग से की और शुरू में ही उसने नियंत्रण बनाने की कोशिश की लेकिन स्पेन का जवाबी हमले का तरीका असरदार साबित हुआ। अबाजो ने ऐसे ही एक मूव का फायदा उठाया और गोल करके स्पेन को शुरुआती बढ़त दिला दी। भारतीय टीम ने कई अच्छे मौके बनाए और क्वार्टर के आखिर में लगभग बराबरी कर ही ली थी जब अभिषेक ने एक जोरदार शॉट लगाया लेकिन स्पेनिश गोलकीपर लुइस कैलजाडो ने इसका शानदार बचाव किया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक रूख अपनाया और मौके बनाए लेकिन लेकिन गोल नहीं कर पाईं। स्पेन पहले हाफ तक 1-0 की बढ़त बनाए हुए था।



## हेड कोच ने खराब स्ट्राइक रेट को लेकर सुनाई खरी-खरी

# पाक टीम पर बोझ बन चुके बाबर आजम?

**कोलंबो, एजेंसी**

पाकिस्तानी टीम आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सुपर-8 चरण के लिए क्वालिफाई करन में कामयाब रही है। पाकिस्तान को ग्रुप मुकाबले में भारत के हाथो करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। लेकिन उसने नीदरलैंड्स, संयुक्त राज्य अमेरिका और नामीबिया को हराकर अगले राउंड का टिकट कटाया। अब पाकिस्तानी टीम सुपर-8 में न्यूजीलैंड के अलावा इंगलैंड और श्रीलंका से भिड़ने जा रही है। मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तानी टीम की चिंता का सबब पूर्व कप्तान बाबर की खराब फॉर्म है। पाकिस्तान के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक बाबर इस टूर्नामेंट में अब तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। ग्रुप-स्टेज में उनके स्कोर 5, 46 और 15 रहे हैं, जिससे इस वर्ल्ड कप में पाकिस्तानी टीम के मिडिल ऑर्डर पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है।



### हेसन ने बाबर आजम को खूब सुनाया!

अब पाकिस्तानी टीम के कोच माइक हेसन ने खुलासा किया है कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 में बाबर आजम को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजने का फैसला टीम की जरूरतों को ध्यान में रखकर लिया गया था। हेसन ने साफ कहा कि बाबर का टी20 वर्ल्ड कप में पावरप्ले के दौरान स्ट्राइक रेट 100 से कम रहा है, जो टीम की रणनीति के अनुकूल नहीं है। नीदरलैंड्स, यूएसए और भारत के खिलाफ साधारण प्रदर्शन के बाद बाबर आजम को नामीबिया के खिलाफ बल्लेबाजी के लिए नहीं भेजा गया। सुपर-8 में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले मीडिया से बात करते हुए माइक हेसन ने कहा कि यह फैसला खिलाड़ी के रोल (भूमिका) को ध्यान में रखकर लिया गया था।

### मिडिल ओवर्स में निभा सकते हैं अच्छी भूमिका

माइक हेसन कहते हैं, यह टीम की जरूरत का मामला है और बाबर इससे पूरी तरह वाकिफ हैं। उन्हें पता है कि वर्ल्ड कप में पावरप्ले के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 100 से कम रहा है। हमें लगता है कि अगर टीम मुश्किल में हो तो वह मिडिल ओवर्स में बेहतर भूमिका निभा सकते हैं। माइक हेसन ने बताया कि नामीबिया के खिलाफ 12वें ओवर के बाद बाबर को भेजना सही नहीं होता। हेसन ने कहा, उस समय बाबर आजम सही बल्लेबाज नहीं थे, जिन्हें भेजा जाए। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो अंत के ओवरों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। बाबर खुद इस बात को मानते हैं कि टीम को अलग-अलग परिस्थितियों में अलग स्किल की जरूरत होती है। माइक हेसन के बयान से यह संकेत जरूर मिलता है कि पाकिस्तानी टीम अब खिलाड़ियों को नाम के बजाय भूमिका और मैच की परिस्थिति के आधार पर चुन रही है। सुपर-8 में न्यूजीलैंड, श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले बाबर आजम के लिए खुद को साबित करने का मौका देंगे।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## 5 साल का हुआ पटौदी खानदान का चिराग

# जश्न में झूमे करीना-सैफ शर्टलेस हुए जेह-तैमूर

पटौदी परिवार में जश्न का माहौल है। आखिर बात ही ऐसी है। सैफ अली खान और करीना कपूर के लाडले बेटे जेह 5 साल के हो गए हैं। जेह के बर्थडे पर करीना और सैफ ने ग्रैंड पार्टी होस्ट की, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सैफ अली खान की बहन और करीना की ननद सोहा अली खान ने जेह के बर्थडे सेलिब्रेशन की इनसाइड झलक फैंस को दिखाई है। सोहा ने पार्टी से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। एक फोटो में जेह केक कटिंग करते दिखे। उनके साथ बड़े भाई तैमूर भी नजर आए। फोटो में जेह और तैमूर दोनों ही शर्टलेस लुक में दिखाई दिए। बच्चों संग करीना और सैफ ने भी पोज दिया। करिश्मा भी ऑल ब्लैक लुक में दिखाई दीं। सैफ की बहनें सोहा और सबा को भी जश्न में देखा जा सकता है।




**करीना ने लूटी लाइमलाइट-** सोहा ने बर्थडे बॉय जेह संग भी एक फोटो शेयर की है, जिसमें शर्टलेस जेह हाथों में खिलौने पकड़े दिखे। करीना भी बेटे को थामें नजर आईं। सोहा ने गर्ल गैंग संग भी तस्वीरें शेयर कीं। पार्टी में नेहा धूपिया भी खास मेहमान बनीं। वहीं, जींस और फ्लोरल प्रिंटेड शर्ट में करीना कपूर सुपर गॉर्जियस लगीं। उनके लुक से नजरें हटाना भी मुश्किल है। उन्होंने पार्टी की पूरी लाइमलाइट लूट ली।

### परिवार ने धूमधाम से मनाया जेह का जन्मदिन

तस्वीरें देखकर साफ जाहिर है कि पूरे परिवार ने जेह का बर्थडे खूब धूमधाम से मनाया। सभी एन्जॉय करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सोहा ने पोस्ट शेयर करते हुए जेह को बर्थडे विश भी किया है। सोहा ने कैप्शन में लिखा- पलक झपकते ही वो पांच साल का हो गया। केक काटने की तस्वीरें तो बिल्कुल शोर-शराबे और उथल-पुथल से भरी होनी ही थीं। केक तो साफ दिख रहा है, लेकिन बर्थडे बॉय।।। उतना नहीं! (हालांकि हम उसकी आवाज सुन सकते थे) और इस सबके बीच बेबो एकदम शांत और कूल दिख रही हैं, सबा पटौदी ने भी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट शेयर करके जेह को बर्थडे विश किया है। जेह के 5वें बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं। फैंस भी जेह पर प्यार लुटा रहे हैं और छोटे नवाब को विश कर रहे हैं।

# यश का क्लीन-शेव लुक देख दंग रह जाएंगे आप, डबल रोल का बड़ा इशारा!

टॉक्सिक÷ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स के मेकर्स ने एक बार फिर इंटरनेट की दुनिया में धमाका कर दिया है। इस बार उन्होंने दर्शकों को चौंका दिया है उनका खुद का ÷टिकट टू हेल÷! नए पोस्टर में रॉकिंग स्टार यश ऐसे अवतार में नजर आ रहे हैं, जिन्हें किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। यह क्लीन-शेव लुक फिल्म की खतरनाक और विस्फोटक दुनिया में और गहराई से उतरने का इशारा देता है। पोस्टर में ÷टिकट÷ नाम का किरदार सामने आया है, जिसे भी यश ही निभा रहे हैं। यानी फिल्म में उनका दूसरा लुक रिवील हो चुका है, और साफ संकेत मिल रहे हैं कि कहानी में दमदार डबल रोल का तड़का लगने वाला है। इससे पहले उनका दूसरा वाला ÷राया÷ लुक सामने आया था, जिसने सोशल मीडिया पर तूफान ला दिया था। फैन आर्ट, रील्स और थ्योरी थ्रेड्स हर जगह बस उसी की चर्चा थी। अब अचानक आए इस क्लीन-शेव लुक ने फिर से वही सेंसेशन तेज़ी की तैयारी कर ली है। पहले रिलीज हुए टीजर में यश का ट्रांसफॉर्मेशन पहले ही सोशल मीडिया पर




बवंडर खड़ा कर चुका है और फिल्म को लेकर दीवानगी अब ग्लोबल फीवर बन चुकी है। टीजर को जबरदस्त और विस्फोटक रिस्पॉन्स मिले हैं। यह भारत समेत 9 देशों में यूट्यूब पर ट्रेंड कर चुका है, जो फिल्म की अंतरराष्ट्रीय पकड़ को साबित करता है। लेकिन असली कमाल सिर्फ नंबर नहीं हैं, बल्कि वह चर्चा है जो इसे छेड़ दी है। 1 मिनट 56 सेकंड के टीजर को फैंस फ्रेम दर फ्रेम खंगाल रहे हैं। कोई टाइमलाइन



**मेट्रो बाजार**

# भारत के विजन पर 88 देशों की मुहर, सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय पर वैश्विक सहमति

**नई दिल्ली।** भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 को एक बड़ी कूटनीतिक और तकनीकी सफलता मिली है। 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को इसकी घोषणा करते हुए साफ किया कि दुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण को खुले तौर पर स्वीकार कर लिया है। यह कदम वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के सुरक्षित, समान और जवाबदेह विकास की दिशा में एक अहम मील का पत्थर माना जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कुल 88 हस्ताक्षरकर्ताओं में से 86 देशों और दो अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय (सभी का कल्याण, सभी की खुशी) के सिद्धांत को औपचारिक रूप से स्वीकार किया है। इस विजन का मुख्य लक्ष्य एआई संसाधनों का इस तरह से लोकतंत्रीकरण करना है कि इस उन्नत तकनीक और इसके आर्थिक फायदों की पहुंच दुनिया भर में समाज के हर वर्ग तक सुनिश्चित हो सके। यह शिखर सम्मेलन 16 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया। इस आयोजन ने कई अहम मोर्चों पर वैश्विक नीतियां तय करने का मजबूत आधार रखा है÷ग्लोबल साउथ का नेतृत्व÷ यह ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाला दुनिया का पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन था।

# अमेरिका ने लगाया भारी शुल्क, फिर भी भारत से व्यापार घाटा 58.2 अरब डॉलर तक बढ़ा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत तक उच्च टैरिफ लगाने के बावजूद अमेरिका का भारत के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 2025 में 58.2 अरब डॉलर हो गया। यह पहले 45.7 अरब डॉलर के करीब था। इस बात की जानकारी अमेरिकी सरकार ने टैरिफ पर तेज होती हलचल के बीच शनिवार को दी। बता दें कि अमेरिका का दिसंबर 2025 में कुल व्यापार घाटा (वस्तु और सेवा) 70.3 अरब डॉलर रहा, जो नवंबर में 53 अरब डॉलर था। वहीं, दिसंबर में भारत के साथ व्यापार घाटा 5.2 अरब डॉलर रहा। पूरे साल 2025 के लिए अमेरिका का कुल व्यापार घाटा 901.5 अरब डॉलर रहा, जबकि 2024 में यह 903.5 अरब डॉलर था। इस दौरान अमेरिकी निर्यात 199.8 अरब डॉलर बढ़कर 3,432.3 अरब डॉलर हो गया और आयात 197.8 अरब डॉलर बढ़कर 4,333.8 अरब डॉलर पहुंच गया।



वस्तुओं के व्यापार में घाटा 25.5 अरब डॉलर बढ़कर 1,240.9 अरब डॉलर हो गया। वहीं, सेवाओं में अधिशेष 27.6 अरब डॉलर बढ़कर 339.5 अरब डॉलर रहा।

**सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया अमेरिकी टैरिफ-** बता दें कि ये पूरा मामला तब सामने आया जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के लगाए गए टैरिफ को गैर-कानूनी बताते हुए रद्द कर दिया। लेकिन इसके तुरंत बाद ट्रंप ने धारा 122 का इस्तेमाल करते हुए 150 दिनों के लिए अमेरिका में आयातित सामान पर 10 प्रतिशत अस्थायी टैरिफ लगा दिया।



# पंजाब का मिनी ओलंपिक: किला रायपुर खेलों में दिखाया दमखम

*लुधियाना। पंजाब के मिनी ओलंपिक माने जाने वाले किला रायपुर खेलों में पंजाबियों के जोश और दमखम के आगे सभी ने दांतों तले उंगलियां दबा लीं। देशभर से बड़ी संख्या में इन खेलों में भाग लेने के लिए खिलाड़ी पहुंचे हैं। खेल प्रेमियों के प्रोत्साहन व तालियों की गूंज के बीच बैलगाड़ी दौड़, पारंपरिक खेलों और एथलेटिक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया।*


## डिजिटल दौर में सतर्कता बेहद जरूरी, मन की बात में बोले पीएम मोदी-

# एआई समिट में दुनिया को दिखाई दी भारत की अद्भुत क्षमता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसमें दुनिया ने भारत की अद्भुत क्षमताएं देखी हैं। उन्होंने कहा कि एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में यह समिट एक टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ है।आज 'मन की बात' कार्यक्रम के 131वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा, ''मन की बात' देश और देशवासियों की उपलब्धियों को सामने लाने का एक मजबूत प्लेटफॉर्म है। देश ने ऐसी ही उपलब्धि अभी दिल्ली में हुई 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान देखी। कई देशों के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर्स और स्टार्ट-अप सेक्टर से जुड़े लोग इस समिट के लिए भारत मंडपम में एकत्र हुए। आने वाले समय में एआई की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह समिट एक टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ है। 'पीएम मोदी ने अपने अनुभव शेयर करते हुए कहा, 'समिट में मुझे वैश्विक नेताओं और टेक सीईओ से मिलने का भी अवसर मिला। एआई समिट की प्रदर्शनी में मैंने वैश्विक नेताओं को ढ़ेर सारी चीजें दिखाई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहौ कि जब बैंक से केवाईसी अपडेट या री-केवाईसी कराने का संदेश आता है, तो कई लोगों के मन में सवाल उठता है कि पहले ही केवाईसी करा चुके हैं तो दोबारा क्यों। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसे संदेशों पर झुंझलाएं नहीं। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया ग्राहकों के पैसे और बैंक खातों की सुरक्षा के लिए होती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में सतर्कता बेहद जरूरी है।



### बच्ची की मृत्यु के बाद अंगदान, माता-पिता का बड़ा फैसला

पीएम मोदी इस दौरान केरल की 10 महीने की बच्ची आलिन शेरिन अब्राहम की भी बात कही। उन्होंने बताया कि असमय मृत्यु ने सभी को भावुक कर दिया है। इतनी कम उम्र में उसका जीवन खत्म हो जाना परिवार के लिए गहरा आघात है। उसके माता-पिता अरुण अब्राहम और शेरिन जिस पीड़ा से गुजर रहे हैं, उसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है। एक मासूम बच्ची, जिसके आगे पूरा जीवन पड़ा था, अचानक इस दुनिया से चली गई। लेकिन इस गहरे दुख के बीच उसके माता-पिता ने जो फैसला लिया, उसने पूरे देश का दिल छू लिया। उन्होंने आलिन के अंग दान करने का निर्णय किया। यह कदम न सिर्फ साहस का उदाहरण है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा भी है। इस निर्णय से कई जरूरतमंद लोगों को नई जिंदगी मिलने की उम्मीद जगी है। उनके इस मानवीय कदम की हर ओर सराहना हो रही है।

### भारतीय मूल के खिलाड़ियों का बढ़ा दबदबा

पीएम ने आगे कहा कि टी20 विश्व कप में सिर्फ कनाडा ही नहीं, बल्कि अमेरिका और ओमान की टीमों में भी भारतीय मूल के खिलाड़ियों का प्रभाव साफ दिख रहा है। अमेरिकी टीम के कप्तान मोनांक पटेल गुजरात की अंडर-16 और अंडर-18 टीमों के लिए खेल चुके हैं। मुंबई के सौरभ, हरमीत सिंह और दिल्ली के मिलिंद कुमार भी अमेरिकी टीम की शान हैं। ओमान की टीम में भी जतिंदर सिंह, विनायक शुक्ला, करण, जय और आशीष जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने भारत के अलग-अलग राज्यों में क्रिकेट खेला है।

### युवा किसान ने बदली खेती की तस्वीर

पीएम मोदी ने ओडिशा के हिरोद पटेल नाम के युवा किसान की कहानी आज ग्रामीण नवाचार का उदाहरण बन रही है। वह पारंपरिक तरीके से धान की खेती करते थे। लेकिन उन्होंने खेती को नए नजरिये से देखने का फैसला किया । हिरोद ने अपने खेत में मौजूद तालाब के ऊपर मजबूत जालीदार ढांचा तैयार किया। इस ढांचे पर उन्होंने बेल वाली सब्जियां उगाईं। तालाब के चारों ओर केले, अमरूद और नारियल के पेड़ लगाए। साथ ही तालाब में मछली पालन भी शुरू किया। अब एक ही जगह धान की खेती, सब्जी उत्पादन, फल और मछली पालन हो रहा है।

## न्यूज विंडो

### धार: ट्रक ड्राइवर ने कंटेनर को मारी टक्कर, तीन घंटे तक फंसा रहा



**धार।** धार जिले के धामनोद थाना क्षेत्र में राऊ-खलघाट फोरलेन के गणपति घाट पर देर रात लगभग 3 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। आगे चल रहे कंटेनर में पीछे टैंकर जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक इंदौर से मुंबई की ओर जा रहा था। इसी दौरान गणपति घाट पर आगे चल रहे कंटेनर से जा टकराया। हादसे के बाद चालक भानु पिता रामप्रसाद ट्रॉले की केबिन में बुरी तरह फंस गया। वह करीब साढ़े तीन घंटे तक वहीं फंसा रहा। सुबह करीब 7.30 बजे चालक को बहार निकाला गया।इस दौरान एनएचआई के अधिकारी, 112 पुलिस, टोल एंबुलेंस, कटर मशीन और क्रेन भी मौके पर पहुंच चुकी थी। काफी प्रयासों के बावजूद चालक को बाहर निकालने में सफलता नहीं मिल रही थी। आखिरकार सीट तोड़कर सन्नी जाट ने साहस दिखाते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। घायल चालक को तत्काल धामनोद के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया।

### धनबाद ननि चुनाव: पार्षद प्रत्याशियों के समर्थकों में झड़प, तीन घायल



**चासनाला (धनबाद)।** नगर निगम चुनाव के बीच सुदामडीह क्षेत्र में शनिवार देर रात चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट की घटना सामने आई है। इसमें वार्ड संख्या 51 की पार्षद प्रत्याशी पायल सुपकार और पार्षद प्रत्याशी बीरेंद्र कुमार के समर्थकों के बीच झड़प हुई।घटना में तीन युवक घायल हो गए, जिनका इलाज चासनाला सीएचसी में कराया गया। मामले को लेकर दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। सुदामडीह न्यू माइंस कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय राजकुमार यादव ने कहा कि वह स्प्लेंडर बाइक से अपने साथी सागर वर्मा उर्फ बिट्टू के साथ शिवम पांडेय को संवारडीह बस्ती के समीप घर छोड़कर लौट रहे थे।इसी दौरान पूर्व पार्षद के समर्थक कुछ अन्य लोगों के साथ पहुंचे और बाइक की चाबी व मोबाइल छीन लिया। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर दोनों पक्षों के समर्थक मौके पर जुट गए और देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

### अमेरिकी सेना का नशीले पदार्थ ले जा रहे जहाज पर हमला, 3 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने पूर्वी प्रशांत महासागर में मादक पदार्थ की तस्करी के संदेह में एक और जहाज पर घातक हमला किया है। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने सोशल मीडिया पर कहा कि जहाज 'पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के ज्ञात मार्गों से गुजर रही था आर तस्करी की गतिविधियों में शामिल था।' कमान की तरफ से बताया गया कि हमले में तीन लोगों की मौत हो गई। पोस्ट के साथ संलग्न एक वीडियो में पानी में तैरती हुई एक नौका दिखाई दे रही है, जिसके बाद उसमें आग लग जाती है।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका लातिन अमेरिका में मादक पदार्थ तस्करों के साथ 'सशस्त्र संघर्ष' कर रहा है और उन्होंने इन हमलों को मादक पदार्थों की आपूर्ति को रोकने के लिए आवश्यक कदम बताया है। लेकिन उनके प्रशासन ने 'मादक पदार्थ कारोबार से जुड़े आतंकवादी' को मारने के अपने दावों का समर्थन करने के लिए बहुत कम सबूत पेश किए हैं। आलोचकों ने इन प्रहारों की वैधता के साथ-साथ उनकी प्रभावशीलता पर भी सवाल उठाए हैं।

### मप्र का रहने वाला है छात्र

## कोटा में 24 वर्षीय नीट स्टूडेंट 5 दिन से लापता



**कोटा।** कोटा में नीट की तैयारी कर रहे मध्यप्रदेश के एक छात्र के लापता होने का मामला सामने आया है। राजगढ़ जिले के खिलचीपुर थाना क्षेत्र के भादाहेड़ी गांव निवासी 24 वर्षीय लोकेश दांगी 17 फरवरी 2026 की दोपहर अपने हॉस्टल से बिना बताए निकल गया, जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिला है।

लोकेश के पिता रामबाबू दांगी ने बताया कि लोकेश पिछले 5 से 6 सालों से कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। वह पढ़ाई को लेकर गंभीर और अनुशासित छात्र था तथा रोजाना परिवार से संपर्क में रहता था। 17 फरवरी को दोपहर 3 बजकर 35 मिनट पर सीसीटीवी फुटेज में लोकेश गुलाबी शर्ट, लोअर और कैप पहने हॉस्टल से बाहर निकलता दिखाई दिया, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा।

18 फरवरी को कैथून क्षेत्र की नहर के पास एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि किसी युवक का सामान नहर किनारे पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस को वहां से मोबाइल, जूते, मोजे, घड़ी, कैप सहित अन्य वस्तुएं बरामद हुईं। सामान परिजनों को दिखाया गया, जिन्होंने इसकी पहचान लोकेश के सामान के रूप में की।

## इजरायल का भीषण हवाई हमला, मारे गए हिजबुल्लाह के कमांडर सहित 10 आतंकी

**बेरूत, एजेंसी**

पूर्वी लेबनान पर हुए इजराइली हवाई हमलों में हिज्बुल्लाह आतंकवादी समूह के आठ सदस्यों की मौत हो गई है, जिनमें कई स्थानीय अधिकारी भी शामिल हैं। हिज्बुल्ला के दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मृतकों की संख्या 10 बताई है लेकिन आतंकवादियों और नागरिकों के बीच अंतर स्पष्ट नहीं किया गया है।

हिज्बुल्लाह के अधिकारियों ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि देर रात उत्तरपूर्वी लेबनान के रयाक गांव के पास हुए हमलों में आठ आतंकवादी मारे गए।सुबह हमले वाली जगह का दौरा करने वाली एसोसिएटेड प्रेस की टीम ने देखा कि तीन मंजिला इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल ध्वस्त हो गई थी।



इजराइली सेना ने बताया कि लेबनान के बालबेक इलाके में तीन अलग-अलग कमांड अड्डों में हिजबुल्ला की मिसाइल इकाई के कई सदस्य मारे गए। सेना ने बताया कि हमले में मारे गये हिजबुल्ला के सदस्य 'इजराइल पर हमले की साजिश रचने, उसे अंजाम देने और सैन्य बल बढ़ाने की प्रक्रियाओं को तेज करने' में संलिप्त थे। हिजबुल्ला के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों में से तीन स्थानीय कमांडर थे और उनकी पहचान अली अल-मौसावी, मोहम्मद अल-मौसावी और हुसैन याघी के रूप में हुई है।


## आतंकी निशाने पर वैष्णो देवी भवन चप्पे-चप्पे पर सेना का पहरा

**कटरा, एजेंसी**

देश की राजधानी दिल्ली के बाद अब आतंकियों की बुरी नजर मां वैष्णो देवी के पावन दरबार पर है। खुफिया एजेंसियों ने इनपुट दिया है कि आतंकी संगठन माता के भवन और कटरा को निशाना बना सकते हैं। इस गंभीर चेतावनी के बाद केंद्र सरकार ने तुरंत एक्शन लेते हुए पूरे यात्रा मार्ग को एक सुरक्षित छावनी में बदल दिया है।

### कटरा से भवन तक त्रिनेत्र की नजर

सुरक्षा एजेंसियों ने कटरा शहर और वैष्णो देवी भवन की घेराबंदी कर दी है। चप्पे-चप्पे पर भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान तैनात हैं। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के जरिए यात्रा मार्ग पर लगे कैमरों से 24 घंटे लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। यात्रियों के साथ-साथ घोड़ा, पिट्ठू और पालकी चलाने वाले मजदूरों की भी कड़ी जांच की जा रही है। कटरा की ओर आने वाले हर वाहन की तलाशी ली जा रही है ताकि कोई संदिग्ध सामग्री शहर में प्रवेश न कर सके।



**मेट्रो एंकर** | टोक्यो शहर के जू में छह महीने का मकाक 'पंच' सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

# मां ने ठुकराया अब खिलौने से लिपटकर जी रहा लिटिल पंच

**टोक्यो , एजेंसी**

जापान के इचिकावा सिटी जू में छह महीने का एक नन्हा मकाक बंदर 'पंच' इन दिनों इंटरनेट पर लोगों का दिल जीत रहा है। जन्म के कुछ ही समय बाद उसकी मां ने उसे अपने से अलग कर दिया। अब उसकी जिंदगी में मां की जगह एक मुलायम ऑरंगुटान खिलौना है। अब वह उसी को गले लगाकर सोता है, उसी के साथ खेलता है और नए माहौल में खुद को सुरक्षित महसूस करता है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पंच को अपने प्लश नाम के खिलौने से चिपके देखा जा सकता है। इस वीडियो को देखकर सोशल मीडिया पर लोग काफी भावुक हो रहे हैं। जूकीपर्स द्वारा हाथ से पाले गए इस नन्हे बंदर की मासूम हरकतों ने दुनियाभर के यूजर्स को भावुक कर दिया है और इस बात पर भी बहस छेड़ दी है कि पशुओं में भी किस हद तक भावनाएं प्रबल होती हैं।



**वायरल हुआ 'पंच' बन्दर :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल क्लिप्स में पंच को खिलौने को गले लगाकर सोते हुए देखा जा सकता है। एक पोस्ट में दावा किया गया कि जब दूसरे युवा बंदर उसे डांटते हैं, तो वह उसी खिलौने को ढाल की तरह इस्तेमाल करता है। जनवरी के मध्य में पंच को सफलतापूर्वक अन्य मकाक बंदरों के समूह में शामिल किया गया। हालांकि वह अब उनके साथ घुलने-मिलने लगा है, लेकिन अभी भी अपने मुलायम साथी के करीब ही रहता है।

वीडियो वायरल होने के बाद इंटरनेट पर रिएक्शन सामने आई हैं। कई यूजर्स ने इसे 'दिल छू लेने वाली कहानी' बताया, जबकि कुछ ने कहा कि यह घटना दिखाती है कि सामाजिक बंधन हर प्रजाति के लिए कितने महत्वपूर्ण होते हैं। प्राइमेट समूहों में मां द्वारा शिशु को छोड़ने की घटनाएं कई कारणों से हो सकती हैं जैसे अनुभव की कमी, सामाजिक दबाव या प्रभुत्वशाली बंदरों से खतरा। फिलहाल चिड़ियाघर प्रशासन पंच के सुरक्षित सामाजिक अनुकूलन के लिए प्रयास जारी रखे हुए है।

### मां के बाद जूकीपर्स ने संभाला

जापान के टोक्यो में पंच का जन्म जुलाई 2025 में हुआ था लेकिन जन्म के कुछ ही समय बाद उसकी मां ने उसे छोड़ दिया। इसके बाद चिड़ियाघर के कर्मचारियों ने उसे खुद पालना शुरू किया और उसके डेवलपमेंट पर करीबी निगरानी रखी। धीरे-धीरे उसे अन्य मकाक बंदरों के समूह से भी परिचित कराया जा रहा है। छोटे बंदर आमतौर पर जन्म से ही अपनी मां से चिपके रहते हैं। ऐसे में देखभाल करने वालों ने उसकी चिंता कम करने के लिए उसे कंबल और मुलायम खिलौने दिए। पंच ने एक प्लश ऑरंगुटान खिलौना चुन लिया, जिसे वह हर समय अपने साथ रखता है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564